दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

# लोकतंत्र की आवाज



नवादा से प्रकाशित | नवादा, सोमवार 15 जून 2026 | वर्ष : 04 अंक : 1095

## संक्षिप्त खबरें ।

### झुकना बंद करो' अमेरिका से डील पर ईरान में बवाल, अराघची और गालिबाफ बने निशाने पर



लोक तंत्र की आवाज़
प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा

**नईदिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी जंग सुलझती नजर आ रही है, लेकिन अब ईरान में अमेरिका के साथ शांति समझौते के खिलाफ विरोध के सुर फूट रहे हैं। कट्टरपंथी ईरानियों का गुस्सा इस डील में मुख्य वार्ताकार की भूमिका निभा रहे विदेश मंत्री अब्बास अराघची और सांसद गालिबाफ के खिलाफ निकल रहा है। शनिवार को ईरान के कई शहरों में इन दोनों के खिलाफ जमकर नारेबाजी हई और शांति समझौते का विरोध किया गया। ईरान में यह प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं, जब ट्रंप प्रशासन ईरान के साथ शांति समझौते को लेकर शेखी बघार रहा है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि ईरान के साथ समझौते पर रविवार को हस्ताक्षर हो सकते हैं। हालांकि ईरान ने इससे इनकार किया है। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान में शांति समझौते को लेकर दो पक्ष बंटे हुए हैं। एक तरफ कुछ लोग शांति समझौते के लिए राजी हैं वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इस युद्ध में शहीद सुप्रीम लीडर और तमाम साथियों का बदला चाहते हैं। शनिवार को जब विदेश मंत्री अराघची मसहद शहर में एक सम्मेलन में हिस्सा ले रहे थे। उसी दौरान सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने नारे बाजी शुरू कर दी। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों में कई महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्होंने काले चाहत पहने हुए थे और वह लाल झंडे लिए नारे लगा रही थीं। इस प्रदर्शन की एक वीडियो भी वायरल हुई है, जिसमें प्रदर्शन कारी डेथ टू अराघची, अराघची शर्म करो, झुकना बंद करो और अराघची इस्तीफा दो' जैसे नारे लगाती सुनी जा सकती हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक मसहद के एक निवासी ने बताया कि कुछ प्रदर्शनकारी लगातार अराघची का विरोध कर रहे थे। एएफपी की रिपोर्ट के मताबिक, ईरान में इस शांति समझौते को लेकर लगातार गुस्सा बढ़ रहा है। दरअसल, प्रदर्शनकारियों का तर्क यह है कि जब युद्ध हो ही चुका है और अमेरिका झुक गया है तो फिर ट्रंप की शर्तों के आधार पर समझौता करने की जरूरत क्या है। इतना ही नहीं प्रदर्शनकारियों का मानना है कि अराघची और गालिबाफ जिस समझौते को स्वीकार करने की तैयारी कर रहे हैं, वह ईरान के हितों को नहीं साधता। इससे होर्मुज पर भी ईरान की पकड़ कमजोर हो सकती है।

## न अफसोस... न माफी, उल्टा आदेश', अमेरिका के मार्को रुबियो के बयान पर राहुल गांधी का सरकार पर तीखा वार

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को ओमान तट के पास तेल टैंकर पर अमेरिकी हमले में भारतीय नाविकों की मौत के मामले में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत के बावजूद अमेरिका ने न तो खेद जताया और न ही माफी मांगी, बल्कि उल्टा भारत को आदेश दे रहा है।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत के कुछ ही दिन बाद न कोई पछतावा, न कोई माफी. इसके उलट अमेरिका आदेश दे रहा है. उनके शब्द पढ़िए- अमेरिकी सेना के आदेशों का तुरंत पालन करें. किसी भी उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. कोई भी स्वतंत्र देश ऐसी भाषा बर्दाश्त नहीं करेगा. लेकिन हमारे समझौता कर चुके प्रधानमंत्री चुप हैं. वे एक आज्ञाकारी सेवक की तरह सुनते हैं और आदेशों का पालन करते हैं. समझौता कर चुके प्रधानमंत्री देश के सम्मान की रक्षा नहीं करेंगे, क्योंकि जो लोग देश का अपमान करते हैं, वे उन्हीं के नियंत्रण में हैं।



### कांग्रेस ने सरकार से मांगा कड़ा जवाब

कांग्रेस ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की टिप्पणियों को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि भारतीय नाविकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करने के बजाय अमेरिका ने भारत को चेतावनी देने का प्रयास किया. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, 'अमेरिकी सैन्य हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई. भारत को अमेरिका से बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए थी और अमेरिका को इसे स्वीकार करना चाहिए था. लेकिन मार्को रुबियो की टिप्पणियां संवेदना की नहीं बल्कि आदेश देने वाली भाषा को दर्शाती हैं.

**जयशंकर के बयान पर भी उठाए सवाल :** पवन खेड़ा ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की प्रतिक्रिया पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया घटना की गंभीरता के अनुरूप नहीं थी. खेड़ा ने कहा, 'नई दिल्ली की प्रतिक्रिया ने पूरे मामले को और शर्मनाक बना दिया. विदेश मंत्री ने केवल इतना कहा कि वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ घातक कार्रवाई उचित नहीं है.' उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'यह उचित नहीं है- जैसी भाषा किसी महंगे एयरपोर्ट सैंडविच के लिए इस्तेमाल की जा सकती है, न कि ऐसे सैन्य हमले के लिए जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान चली गई हो. अमेरिका की कार्रवाई को अवैध, लापरवाह और अस्वीकार्य कहा जाना चाहिए था।

**मनीष तिवारी ने भी साधा निशाना:** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भी अमेरिकी विदेश मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सवाल उठाए0 उन्होंने कहा कि रुबियो के बयान में न संवेदना दिखी, न सहानुभूति और न ही खेद. कांग्रेस सांसद ने कहा, 'मार्को रुबियो का रवैया बेहद आक्रामक और टकरावपूर्ण था. उनके बयान का निहितार्थ यह था कि जो कुछ हुआ, उसके लिए भारतीय नाविक खुद जिम्मेदार थे. किसी मित्र देश से इस तरह की भाषा की उम्मीद नहीं की जाती.

**रुबियो और जयशंकर के बीच क्या बात हुई ?:** विवाद उस समय शुरू हुआ जब अमेरिकी विदेश विभाग ने रुबियो और जयशंकर के बीच हुई बातचीत का विवरण सार्वजनिक किया. अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, 'विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत की. दोनों नेताओं ने होर्मुज की स्थिति पर चर्चा की. रुबियो ने कहा कि सभी वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी बलों के आदेशों का तुरंत पालन करना चाहिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिकी नाकेबंदी के उल्लंघन और ईरानी तेल के अवैध परिवहन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पाकिस्तान पर मोहन भगवत की नई थ्योरी, तिरुवनंतपुरम में दिया बड़ा बयान, बोले- 'हम हिटलर नहीं...'



लोकतंत्र की आवाज

**तिरूनंतपुर।** मराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान को लेकर एक बहुत बड़ा और चौंकाने वाला बयान दिया है। संघ प्रमुख ने संगठन के दूसरे सबसे बड़े नेता दत्तात्रेय होसबले के उस विचार का खुलकर समर्थन किया है, जिसमें उन्होंने पाकिस्तान के साथ संवाद का रास्ता बंद न करने की बात कही थी। तिरुवनंतपुरम में संघ के सौ साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक खास कार्यक्रम में मोहन भागवत ने स्थिति साफ की। उन्होंने कहा कि होसबले का मतलब पाकिस्तान की हुकूमत या वहां के नेताओं से बात करने का नहीं था, बल्कि उनका इशारा वहां रहने वाले आम नागरिकों और समाज की तरफ था।

**विदेश नीति पर सरकार के साथ, लेकिन पाक समाज पर बड़ा दावा:** जब कार्यक्रम के दौरान संघ प्रमुख से दत्तात्रेय होसबले के पुराने बयान और आरएसएस की सोच पर सीधा सवाल किया गया, तो उन्होंने बहुत नपा-तुला जवाब दिया। भागवत ने साफ किया कि संघ दुनिया के किसी भी देश के साथ रिश्तों को लेकर अपनी कोई अलग से विदेश नीति नहीं चलाता है। इस मामले में संगठन हमेशा केंद्र सरकार के फैसलों और देश की नीतियों का ही समर्थन करता है। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के समाज को लेकर एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सीमा पार आज भी एक बहुत बड़ा वर्ग ऐसा है जो दिल से यह मानता है कि भारत और पाकिस्तान का बंटवारा एक बहुत बड़ी भूल थी। वहां के कई बुद्धिजीवी और पत्रकार भी संघ के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हैं।

**दुश्मनी खत्म करने पर भागवत की नई थ्योरी :** भविष्य के हालातों की चर्चा करते हुए संघ प्रमुख ने एक दिलचस्प नजरिया सामने रखा। उन्होंने कहा कि अगर आने वाले समय में भारत किसी युद्ध में पाकिस्तान को पूरी तरह हरा देता है, तो उसके बाद वहां की जनता को लेकर हमारे पास केवल दो ही विकल्प बचेंगे।

## भारत पर अमेरिका का दबाव बेअसर, रूस से तेल पर हुई बड़ी डील, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना

लोक तंत्र की आवाज
प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा

**नईदिल्ली।** वैश्विक प्रतिबंधों और भू-राजनीतिक दबावों के बावजूद भारतीय रिफाइनरियों ने रूस से रियायती दरों पर कच्चे तेल की खरीद और अधिक बढ़ा दी है। यूरोप के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (CREA) की रिपोर्ट के अनुसार, मई महीने में भारत ने रूस से करीब 5.8 अरब यूरो (लगभग 6.7 अरब डॉलर) के जीवाश्म ईंधन का आयात किया, जिससे वह चीन के बाद रूसी ईंधन का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है।

रूस से तेल न खरीदने की सलाह देने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव को दरकिनार करते हुए भारत ने पिछले महीने के मुकाबले मई में भारत के कुल कच्चे तेल के आयात में 8 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिसका मुख्य कारण रूस से होने वाले आयात में आई 21 प्रतिशत की भारी तेजी है। गुजरात के जामनगर और वाडिनार जैसे बड़े रिफाइनिंग हब के साथ-साथ सरकारी तेल कंपनियों ने भी इस दौरान रूसी कच्चे तेल की आवक को काफी बढ़ाया है। इस महीने रूस से भारत के कुल आयात में कच्चे तेल की हिस्सेदारी लगभग 83 प्रतिशत थी, जिसका मूल्य 4.8 अरब यूरो था, जबकि तेल उत्पादों और कोयले का आयात क्रमशः 550 मिलियन यूरो और 429 मिलियन यूरो रहा।



भारत के कुछ सबसे बड़े रिफाइनिंग केंद्रों में रूसी कच्चे तेल की आवक में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। गुजरात में वाडिनार रिफाइनरी में अनलोड की गई मात्रा अप्रैल के स्तर से 36 प्रतिशत बढ़ गई, जबकि राज्य में जामनगर रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स में डिलीवरी 14 प्रतिशत बढ़ गई।

CREA के अनुसार, सरकारी रिफाइनरियों ने भी इस साल की शुरुआत में आयात फिर से शुरू करने के बाद खरीदारी बढ़ाई। न्यू मैंगलोर और विशाखापत्तनम रिफाइनरियों ने, जिन्होंने नवंबर 2025 के अंत में रूसी कच्चे तेल का आयात रोक दिया था, मार्च में खरीदारी फिर से शुरू करने के बाद रूसी तेल खरीदना जारी रखा।

मई में न्यू मैंगलोर में रूसी कच्चे तेल की डिलीवरी महीने-दर-महीने 13 प्रतिशत बढ़ी, जबकि विशाखापत्तनम में आयात में 42 प्रतिशत की उछाल आई। वहीं, ओडिशा के पूर्वी तट पर स्थित पारादीप रिफाइनरी ने भी दो वर्षों में रूसी कच्चे तेल की अपनी सबसे अधिक मात्रा अनलोड की।

यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और व्यापार प्रतिबंधों द्वारा वैश्विक ऊर्जा प्रवाह को बदलने के बाद से भारत रूसी तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से एक के रूप में उभरा है। भारतीय रिफाइनरियों ने लगातार रियायती रूसी कच्चे तेल की खरीदारी बढ़ाई है, जिससे उच्च ऊर्जा लागत की भरपाई करने में मदद मिली है और साथ ही रिफाइनिंग मार्जिन और पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को भी बढ़ावा मिला है।

## सीएम सम्राट चौधरी ने बिहार के तीन पारंपरिक उत्पादों को GI टैग मिलने पर जताई प्रसन्नता

लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता विनोद प्रसाद

**पटना ।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नालंदा की बावन बूटी साड़ी एवं फैब्रिक, गया के पत्थरकट्टी स्टोन क्राफ्ट तथा भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग को भौगोलिक संकेतक (GI) टैग प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य के शिल्पकारों, बुनकरों, कलाकारों एवं संबंधित सभी संस्थाओं को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला-कौशल और ग्रामीण प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने वाली है। उन्होंने कहा कि बिहार की लोक कला, हस्तशिल्प एवं हथकरघा परंपराएं राज्य की अमूल्य धरोहर हैं और GI टैग मिलने से इन उत्पादों की विशिष्ट पहचान को कानूनी संरक्षण के साथ-साथ वैश्विक बाजार में नई प्रतिष्ठा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि नालंदा की बावन बूटी बुनकरी, गया की पत्थर शिल्पकला और भोजपुर की पिढ़िया पेंटिंग बिहार की सांस्कृतिक विविधता और सृजनात्मक परंपरा के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इन उत्पादों को GI टैग मिलना राज्य के कारीगरों और बुनकरों के वर्षों के परिश्रम, कौशल एवं समर्पण का सम्मान है।



मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), संबंधित विभागों, उत्पादक समूहों, शिल्पकार संगठनों तथा सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से उन कारीगरों, बुनकरों एवं महिला कलाकारों को बधाई दी, जिन्होंने पीढ़ियों से इन परंपरागत कलाओं को जीवित रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक उद्योगों, हस्तशिल्प, हथकरघा एवं लोक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है। GI टैग मिलने से इन उत्पादों के विपणन, ब्रांडिंग और निर्यात की संभावनाएं बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि बिहार के अन्य पारंपरिक उत्पादों को भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए प्रेरित करेगी तथा 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कलाओं के संरक्षण की दिशा में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## आज हो जाएगी ईरान-अमेरिका डील! डोनाल्ड ट्रंप ने किया ऐलान

लोक तंत्र की आवाज़
प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा

**नईदिल्ली।** अमेरिका ईरान वॉर की शुरुआत 28 फरवरी 2026 से हुई, जिसे आज 105 दिन बीत चुके हैं। इस दौरान अमेरिका-ईरान समझौते पर मोहर लगने, स्ट्रेट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने के कई बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा दावे किए जा चुके हैं।

इस बार फिर ट्रंप ने ऐलान किया है कि 14 जून 2026 को अमेरिका ईरान डील पर साइन हो सकते हैं। इसके तुरंत बाद होर्मुज को सभी के लिए खोल दिया जाएगा। लेकिन क्या ईरान की तरफ से भी ऐसा ही कहा जा रहा है? क्या ईरान ने अमेरिका की सारी शर्तें मान ली हैं?



**अमेरिका-ईरान डील पर ट्रंप का दावा:** अमेरिका ईरान के बीच समझौता कब होगा ? यह सवाल कई लोग कर रहे हैं। प्रेसिडेंट ट्रंप बार-बार अपने बयानों के जरिए लोगों की उम्मीदें भी बढ़ा देते हैं। जैसा उन्होंने हाल ही में कहा है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि रविवार को ईरान के साथ समझौता साइन हो जाएगा।

### पैसों का लेनदेन नहीं होगा, यूरेनियम भंडार पर भी बात

ट्रंप ने कहा कि बराक हुसैन ओबामा की सरकार के दौरान ईरान के साथ जो समझौता हुआ था उसके बिल्कुल विपरीत होने वाला है। के साथ ही उन्होंने यह दावा किया कि ईरान अब परमाणु हथियार नहीं चाहता है। लेकिन इसके साथ ही ट्रंप ने ईरान की उसे मांग पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं जिसमें उन्होंने जब्त की गई संपत्तियों की रिलीज की मांग की थी। ट्रंप के बयानों के बाद लग रहा है कि वह ईरान को उनका पैसा लौटाना नहीं चाहता है। ट्रंप अभी यूरेनियम भंडार को शांति समझौते में शामिल करने का प्लान नहीं बना रहे हैं। उनका कहना है कि एक बार जब सब कुछ शांत हो जाएगा तो वह अपने कुशल पायलटो को भेज कर पहाड़ों के नीचे दबे यूरेनियम को निकालकर उसे नष्ट कर देंगे। उन्होंने ईरान को धमकी दी कि यदि यह डील सफल नहीं होती है तो उनके पास अंतिम विकल्प है।

ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि समझौते की प्रक्रिया जल्द ही और आसानी से पूरी हो जाएगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो उनके पास अंतिम विकल्प है। ट्रंप एक तरफ तो ईरान के साथ समझौते की बात कर रहे हैं और ।वहीं दूसरी तरफ धमकी भी दे रहे हैं। इसके अलावा अमेरिकी सेना ने भी कहा है कि शनिवार को ईरान ने होर्मुज में कमर्शियल जहाज को निशाना बनाया। जिससे शांति समझौता हो रहा है या नहीं ऐसे ही कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

**ईरान का क्या रुख है ?:** ट्रंप भले ही दावा कर रहे हैं कि रविवार को ईरान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे लेकिन ईरान का कहना है कि इसमें समय लग सकता है। समझौते की तारीख अभी अनिश्चित है। ईरान अभी भी चाहता है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य में शुल्क वसूली करेगा।

**अमेरिका ईरान समझौते से भारत को फायदा ?:** यदि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता हो जाता है तो इसका भारत पर असर सकारात्मक रूप से देखने को मिलेगा। होर्मूज ओपन होने से न केवल सप्लाई सामान्य होगी बादल की कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट आएगी। इससे भारत का चालू खाता घाटा कम होगा, अर्थव्यवस्था पर दबाव कम होगा रुपए में बढ़ती गिरावट रुकेगी और महंगाई बढ़ने का खतरा भी कम हो सकता है।

## बिहार के महाधिवक्ता पीके शाही ने दिया इस्तीफा, नीतीश सरकार में संभाला मंत्री पद

लोक तंत्र की आवाज

**पटना।** पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफी करीबी बिहार के महाधिवक्ता पीके शाही (Advocate General PK Shahi) ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके इस्तीफे के बाद अब राज्य सरकार नए महाधिवक्ता की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू करेगी। अब सबकी नजर नए महाधिवक्ता पर टिक गई है। भाजपा के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के करीब दो माह बाद राज्य के शीर्ष विधि अधिकारी ने इस्तीफा दे दिया है। इसको लेकर चर्चा शुरू हो गई है।



**लंबे समय तक महाधिवक्ता पद पर रहे शाही:** पीके शाही लंबे समय तक बिहार सरकार के महाधिवक्ता के रूप में कार्यरत रहे। उच्च न्यायालय सहित विभिन्न न्यायिक मंचों पर राज्य सरकार का पक्ष प्रभावी ढंग से रखते रहे। उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रशासनिक एवं नीतिगत मामलों में सरकार का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया गया ।वरिष्ठ अधिवक्ता एवं अनुभवी राजनेता रहे शाही को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। विधिक एवं प्रशासनिक मामलों की गहरी समझ को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

**नीतीश सरकार में रहे कई विभागों के मंत्री :** उल्लेखनीय है कि तत्कालीन महाधिवक्ता ललित किशोर के इस्तीफे के बाद 13 जनवरी 2023 को पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत कुमार शाही को बिहार का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व भी वे वर्ष 2005 से 2010 तक बिहार सरकार के महाधिवक्ता रह चुके हैं। बाद में उन्हें राज्य सरकार में शिक्षा मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

## कांग्रेस के 62 विधायकों की एकजुटता से घबराई BJP? मीनाक्षी नटराजन विवाद पर कांग्रेस नेताओं ने खोले कई बड़े राज

लोक तंत्र की आवाज़

**भोपाल।** राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त होने का मामला अब केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने मध्यप्रदेश की राजनीति में एक नए विवाद को जन्म दे दिया है। राजधानी भोपाल में आयोजित कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा प्रहार बताते हुए भाजपा और संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े किए।

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित इस संवाददाता सम्मेलन में नेताओं का आक्रोश साफ दिखाई दिया। उनका आरोप था कि जिस लोकतंत्र की रक्षा के लिए संवैधानिक संस्थाओं का निर्माण किया गया था, आज उन्हीं संस्थाओं का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मीनाक्षी नटराजन जैसी गांधीवादी और बेदाग छवि वाली नेता का नामांकन रद्द होना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर गहरा धब्बा है।



जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी मनोज राजानी ने कहा कि आज हालात ऐसे बन गए हैं कि न्याय की उम्मीद लेकर जिस चौखट पर जाया जाता है, वहीं से अन्याय लौटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग, ईडी, आयकर विभाग और पुलिस जैसी संस्थाओं का राजनीतिक उपयोग किया जा रहा है, जिसका असर आने वाले नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में भी दिखाई दे सकता है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा पर सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि मीनाक्षी नटराजन राज्यसभा पहुंच भी जातीं, तब भी प्रदेश की सत्ता पर कोई असर नहीं पड़ता। ऐसे में उनके नामांकन को निरस्त करने की कार्रवाई के पीछे राजनीतिक दुर्भावना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

## फिर होगा बड़ा 'खेला', तेजस्वी का साथ छोड़ेंगे कई MLA? भाजपा के एमएलसी का दावा: 'टूटने वाला है महागठबंधन'

लोक तंत्र की आवाज़

**पटना।** बिहार की राजनीति में आगामी चुनावों से पहले बयानबाजी का दौर तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार ने दावा किया है कि महागठबंधन के कई विधायक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के संपर्क में हैं और आने वाले दिनों में विपक्षी खेमे में बड़ी राजनीतिक हलचल देखने को मिल सकती है। जीवन कुमार के इस बयान के बाद बिहार की सियासत गर्मा गई है। हालांकि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसे राजनीतिक बयानबाजी करार दिया है।



**तेजस्वी यादव के बयान पर बीजेपी का पलटवार :** हाल ही में राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव द्वारा बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को लेकर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जीवन कुमार ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को भाषा की मर्यादा का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपने विधायकों को एकजुट रखने की कोशिश कर रहा है, लेकिन जल्द ही महागठबंधन के भीतर की वास्तविक स्थिति सामने आ जाएगी। उनके अनुसार आने वाले समय में विपक्षी दलों में टूट-फूट की स्थिति बन सकती है।

**एनडीए नेताओं को आ रहे हैं फोन: जीवन कुमार:** बीजेपी एमएलसी ने दावा किया कि महागठबंधन के कई विधायक एनडीए के वरिष्ठ नेताओं के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विधायक लगातार बातचीत कर रहे हैं और गठबंधन में शामिल होने की इच्छा जता रहे हैं। हालांकि जब उनसे उन विधायकों के नाम पूछे गए जो कथित तौर पर एनडीए के संपर्क में हैं, तो उन्होंने किसी भी नेता का नाम सार्वजनिक करने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद उनके इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं को जन्म दे दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मनिहारी दुकान में लगी आग, गरीब दलित परिवार की आजीविका हुआ राख



**मेसकौर।** मेसकौर प्रखंड की बिसयात पंचायत अंतर्गत बिसयात गांव में शनिवार की रात एक गरीब दलित परिवार की जिंदगी पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव निवासी संजय पासवान की मनिहारी दुकान में अचानक आग लग जाने से लाखों रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया। इस हादसे ने परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा छीन लिया है। बताया जाता है कि शनिवार रात करीब नौ बजे अचानक दुकान से धुआं निकलता देख ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर आसपास के ग्रामीणों को बुलाया और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा पूरा सामान जल चुका था। आंखों में आंसू लिए दुकान मालिक संजय पासवान ने बताया कि मनिहारी दुकान ही उनके परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र साधन थी। इसी दुकान की आमदनी से पत्नी और बच्चों का पालन-पोषण होता था। उन्होंने कहा, "हम गरीब लोग हैं। इसी दुकान के सहारे घर चलता था। अब सब कुछ जलकर खत्म हो गया। समझ में नहीं आ रहा कि परिवार का गुजारा कैसे होगा। ग्रामीणों ने बताया कि संजय पासवान अत्यंत गरीब दलित परिवार से आते हैं और वर्षों की मेहनत से छोटी-सी दुकान खड़ी की थी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन इस घटना ने पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है। पीड़ित ने अंचल अधिकारी, मेसकौर को लिखित आवेदन देकर उचित सरकारी मुआवजा एवं सहायता की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से तत्काल राहत उपलब्ध कराने की अपील की है ताकि प्रभावित परिवार दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो सके। गांव के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सरकारी मदद नहीं मिली तो परिवार के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। घटना के बाद पूरे गांव में संवेदना और चिंता का माहौल है।

### मौसम का बदला मिजाज, गर्मी और उमस से मिली राहत

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन) :-** वारिसलीगंज प्रखण्ड में शनिवार की शाम साढ़े पांच बजे के बाद मौसम में अचानक हुए परिवर्तन के बाद गर्मी से जूझ रहे लोगो को थोड़ी राहत मिली है। तेज हवा के साथ पहले सम्पूर्ण वातावरण में आंधी सा नजारा दिखा, गरज के साथ हल्की वर्षा हुई। वर्षा के दौरान बिजली की कड़क लोगों के लिए डरावना दृश्य पैदा कर रहा था। थोड़ी सी वर्षा के बाद नगर के मुख्य पथ में बुडको द्वारा बनाया गया नाला के आसपास कीचड़ उत्पन्न हो गया है। जिससे पैदल यात्रियों को परेशान होते देखा गया। दूसरी तरफ, शहीद चंदन सिंह चौक से खरांठ की ओर गई पथ में जलजमाव से सड़क झील की तरह दिख रहा था।

### कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय भगवती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ शुरू



**कौआकोल।** प्रखण्ड मुख्यालय से सटे बरियारपुर गांव में रविवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय भगवती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। गायत्री परिवार के विधि-विधान के अनुसार आयोजित कलश यात्रा बरियारपुर गांव स्थित भगवती स्थान से प्रारंभ होकर बिझो गांव,कौआकोल बाजार,दुर्गामंदिर,ब्लॉक मोड़ होते हुए रानीबाजार स्थित सूर्य मंदिर नदी तट पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने जलभराई की। इसके बाद कलश यात्रा पुनः महारानी स्थान पहुंची। महारानी स्थान पर गायत्री परिवार के प्रमुख सुरेश प्रसाद के नेतृत्व में कलश स्थापना कर विधिवत पूजा-अर्चना शुरू की गई। आयोजनकर्ताओं के अनुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन कलश स्थापना,पूजा-अर्चना तथा संध्या में प्रवचन एवं भक्ति गीत-संगीत का आयोजन किया गया। सोमवार को पुनः पूजन-अर्चन के साथ संध्या में प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होगा। वहीं अंतिम दिन विधि-विधान के साथ मां भगवती की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हवन, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण श्रीचंद प्रसाद, जवाहर प्रसाद यादव,नरेश यादव, दिनेश यादव,पूर्व सरपंच हरगौरी सिंह,मसुधन सिंह,जयपाल सिंह यादव,प्रिंस कुमार,देवनन्दन प्रसाद,उमेश यादव,दिनेश,राहुल,महेंद्र यादव सहित पूरे गांव के लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। कलश यात्रा में पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि शैलेष कुमार आर्य, रघुवीर कुमार,सूरज कुमार साव,संजीत मिस्त्री,रंजीत ठाकुर,नीलम देवी,निशा कुमारी समेत हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

# विधायक ने किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन, बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल एवं सावित्री सेवा सदन का संयुक्त आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**नवादा 14 जून ।** सावित्री सेवा सदन एवं बोधिट्री इंटरनेशनल स्कूल नवादा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सदर प्रखंड के सिसवां गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सदर विधायक विभा देवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सावित्री शर्मा ने संयुक्त रूप से किया । चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए विभा देवी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्ति ही ऐसे सामाजिक दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकता है । उन्होंने आयोजक बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल एवं सावित्री सेवा सदन के इस संयुक्त प्रयास की सराहना की और गरीब एवं वंचित वर्ग के लिए इसे एक सुनहरा अवसर बताया । इस अवसर पर डॉ सावित्री शर्मा ने स्वंय विधायक विभा देवी का स्वास्थ्य परीक्षण किया । खासकर रक्तचाप , डाईविटीज इत्यादि की जांच कर उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ बताया और आगे भी दीर्घायु , स्वस्थ एवं सक्रिय होने की कामना की । विद्यालय के निदेशक शशांक भूषण एवं कौशलेन्द्र भूषण उर्फ नमूना सर ने बताया कि बोधि ट्री इंटरनेशनल स्कूल समय समय पर अन्य सामाजिक दायित्वों का निर्वहन अपने स्थापना काल से कर रहा है । खासकर स्वास्थ्य , पर्यावरण एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में हर वर्ष कोई न कोई बड़ा आयोजन किया जाता है जिसमें आम नागरिकों के अलावे जिले भर के गणमान्य एवं बौद्धिक वर्ग के लोग शामिल होते हैं । आज के स्वास्थ्य शिविर के बारे में उन्होंने बताया कि सिसवाँ स्वंय प्रबुद्ध एवं आदर्श गांव है जहाँ के लोग गरीबों एवं वंचितों की सेवा के लिए अवसर ढूंढते रहते हैं । इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जबकि आसपास के दर्जनों गांव के लोगों ने निःशुल्क चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया । चिकित्सा शिविर में सुविख्यात चिकित्सक डॉ सावित्री शर्मा , जेनरल फिजीशियन डॉ राज किशन , स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी , डेंटिस्ट डॉ संतोष , और आंख रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेश ने सैकड़ों मरीजों का मुफ़्त इलाज किया और मुफ्त में दवाइयां भी दी गई । मौके पर जिलापरिषद उपाध्यक्ष निशा चौधरी ,



पत्रकार अजय कुमार , सामाजिक कार्यकर्ता सुरेन्द्र यादव , राज कृष्णा ट्रस्ट के क्षेत्रीय पदाधिकारी शंभू विश्वकर्मा , सहायक राकेश सिन्हा , अवधेश कुमार सिंह अधिवक्ता इत्यादि मौजूद थे जबकि सेवा दल में निरंजन सिंह , सन्नी कुमार , मनीष सिंह , चंदन श्रीवास्तव , प्रभात कुमार , नीरज कुमार , अंकित सिंह इत्यादि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी ।

# वारिसलीगंज में खेग्रामस के 20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण मजदूर सभा खेग्रामस (खेत ग्राम मजदूर सभा) के बैनर तले शनिवार को शान्तिपुरम सूर्यमंदिर स्थित स्वामी सहजानंद हाल में बैठक की गई।जिसमें संगठन को मजबूत बनाने तथा प्रखंड क्षेत्र में संगठन के 20 हजार सदस्य बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित संगठन के लोगों ने कहा कि 30 जून को बुलडोज़र राज के खिलाफ वास, आवास बचाने एवं सरकारी जमीन पर बसे गरीबों को पर्चा देने की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही राशन कार्ड, पेंशन, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सम्मान और गरीबों के शिक्षा, स्वस्थ्य के अधिकार की मांग पूरा करने के लिए सतत आंदोलन करने का आह्वान किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता खेग्रामस के प्रखंड संयोजक अर्जुन पासवान ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित खेग्रामस जिला सचिव अजित कुमार मेहता ने कहा कि बुलडोज़र राज के आतंक से सभी गरीब दलित भयाक्रांत है। आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में अपराधियों का मनोबल बढ़ा है।देश और प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। वारिसलीगंज प्रखंड मे 20 हजार खेग्रामस के सदस्य बनाया जायेगा और आने वाले 30 जून को प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन किया जयेगा। मौके पर बिंदु यादव, रामचंद्र दास, अशोक मांझी, केदार तांती, रेखा देवी, रामस्वरूप मांझी, मिनता देवी समेत बडी संख्या मे महिला पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# राजगीर : टमटम की टक्कर से पानी विक्रेता की मौत

लोक तंत्र की आवाज

**राजगीर।** पर्यटन नगरी राजगीर में शनिवार को देर शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पानी बेचकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले 55 वर्षीय महेंद्र मांझी की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।मृतक महेंद्र मांझी नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के कोरमा गांव के निवासी थे। वह राजगीर के आकाशीय रज्जू मार्ग (झूला मोड़) के समीप पानी बेचने का काम करते थे और इसी से अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शनिवार को वह झूला मोड़ के पास पानी बेच रहे थे, तभी एक टमटम की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही रोपवे प्रबंधक दीपक कुमार ने तत्काल एंबुलेंस की व्यवस्था कर उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर भिजवाया। हालांकि अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अवर निरीक्षक पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया गया है। महेंद्र मांझी की असामयिक मौत से परिवार आर्थिक और मानसिक संकट में घिर गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अरवल : मधुश्रवा मलमास मेला में लगा मगही चौपाल

लोक तंत्र की आवाज




**अरवल।** विगत कई महीनों से चल रहा मगही चौपाल का कारवा अबकी बार अरवल जीले के मधुश्रवा मलमास मेला में लगा। पता हो कि मलमास मेला बिहार के राजगीर और मधुश्रवा दोनों जगह लगता है।यह मेला तीन साल पर एक बार लगता है। मगही चौपाल का ये कारवां राजगीर मलमास मेला के बाद आज मधुश्रवा में लगा।इस चौपाल के माध्यम से मेले में आये श्रद्धालुओं को मगही भाषा के प्रति जागरूक किया गया। लोगों से मगही में पढ़ाई करने का भी निवेदन किया गया। वक्ताओं ने मगही को अष्टम अनुसूची में शामिल करने के लिए चलाए जा रहे इस आंदोलन में लोगों को साथ आने का आग्रह किया। चौपाल की शुरुआत विश्वजीत अलबेला जी के गीत से हुआ। मेला परिसर में चौपाल शुरू होते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जहां एक तरफ शोर शराबा था वहीं दूसरी तरफ इस तरह के कार्यक्रम को देख लोगों में जानकारी की उत्सुकता जाग उठी। लोग बार-बार चौपाल के साथियों से आकर जानकारी ले रहे थे। चौपाल की शुरुआत रामध्यान बाबू के वन्दना से हुआ। उसके बाद अलबेला जी ने भगवान भोलेनाथ का ध्यान कर चौपाल को आगे को आगे बढ़ाया। सुधाकर राजेन्द्र ने मगही मगह देश के रानी कविता से सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सन्नी कश्यप ने मगध और मधुश्रवा के इतिहास पर प्रकाश डाला। शैलेन्द्र कुमार शैल ने अपनी कविता से लोगों को क्षुमाया।सभी लोगों ने मगही को अष्टम अनुसूची में शामिल करने की मांग को उठाया। संयोजक गौतम परासर ने कहा कि मगही को सरकार अष्टम अनुसूची में शामिल करे वरना आंदोलन और तेज होगा। उन्होंने लोगों से अपील किया कि अपने बच्चों को मगही पढ़ायें और जनगणना में अपनी मातृभाषा मगही लीखाऐं।इस चौपाल में रामाविनय शर्मा अकेला, अनिल कुमार अकेला, मृणाल कुमार के साथे बहुत सारे लोग उपस्थित रहे।

# विपश्यना केंद्र नालंदा में 10 दिवसीय ध्यान शिविर का सफल समापन, साधकों ने सीखी आत्मनिरीक्षण, करुणा और वर्तमान में जीने की कला

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** धम्मा नालंदा विपश्यना केंद्र में आयोजित 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर का शनिवार की देर शाम सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में नागपुर के आचार्य पंचम राव खादीपुरे एवं जयपुर की प्राचार्या मीनू अग्रवाल के मार्गदर्शन में दर्जनों साधक-साधिकाओं ने भाग लेकर ध्यान की विधि का अभ्यास किया।समापन समारोह को संबोधित करते हुए आचार्य पंचम राव खादीपुरे ने कहा कि विपश्यना आत्मनिरीक्षण द्वारा आत्मशुद्धि की प्राचीन साधना पद्धति है। लगभग 2500 वर्ष पूर्व भगवान गौतम बुद्ध ने इस विधि को पुनर्जीवित कर जनसामान्य के लिए जीवन जीने की कला के रूप में उपलब्ध कराया था। उन्होंने कहा कि विपश्यना व्यक्ति को वर्तमान में जीना सिखाती है तथा भूत और भविष्य



की चिंताओं से मुक्त होकर जीवन की वास्तविकताओं को स्वीकार करने की प्रेरणा देती है।शिविर में नालंदा के विपश्यना साधक दिलीप कुमार तथा पश्चिम चंपारण के धम्म सेवक शेषनाथ ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। साधक राकेश बिहारी शर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि साधना के दौरान मन और शरीर अत्यंत हल्का महसूस हुआ तथा अपार शांति और आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने कहा कि साधना के अंतिम चरण 'मंगल मैत्री' में सभी प्राणियों के कल्याण की भावना विकसित होती है, जो जीवन में करुणा और प्रेम को बढ़ाती है।उन्होंने नियमित अभ्यास पर जोर देते हुए कहा कि विपश्यना का पूर्ण लाभ लेने के लिए प्रतिदिन सुबह-शाम ध्यान करना तथा समय-समय पर शिविरों में भाग लेना आवश्यक है। इससे व्यक्ति के जीवन में एकाग्रता, धैर्य और सकारात्मकता का विकास होता है।समापन अवसर पर दिलीप कुमार ने सभी साधकों को सफल साधना के लिए शुभकामनाए दी। इस साधना शिविर में मध्य विद्यालय शाहपुर के प्रधानाध्यापक रामसागर राम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मवीर प्रसाद, शिक्षक परशुराम कुमार यादव, विकास कुमार, सत्यम कुमार, सज्जन कुमार अकेला, राजकुमार,सुजीत कुमार अकेला, अरविन्द पंडित, रजीष कुमार सर्वेश कुमार विकास पंडित, प्रो. मधु कुमारी, ज्योति कुमारी, बबिता कुमारी, क्रितिनिधि, जुली कुमारी, दीप्ती पाण्डेय सहित दर्जनों अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

# बिहारशरीफ : मंत्री व सांसद ने किए यात्री शेड का उद्घाटन, आपदा पीड़ित परिवार को मिली सहायता राशि

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** प्रखंड के ग्राम पंचायत राज वियावानी अंतर्गत वियावानी गांव में नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार तथा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर आपदा में मृत कैलू रविदास की पत्नी सबुजा देवी को पारिवारिक लाभ योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया।मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति की जान की क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सरकार पीड़ित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ी रहती है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय राज्य सरकार के खजाने पर पहला अधिकार पीड़ित परिवारों का होता है। मंत्री ने



बताया कि यात्री शेड बनने से ग्रामीणों को धूप, बारिश और ठंड से राहत मिलेगी तथा छात्र, बुजुर्ग, महिलाएं और दैनिक यात्री सुरक्षित एवं सुविधाजनक ढंग से वाहन का इंतजार कर सकेंगे।उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में हुए विकास कार्यों, कानून के राज, महिला सशक्तिकरण और आधारभूत संरचनाओं के विस्तार की चर्चा करते हुए कहा कि राज्य निरंतर विकास और सुशासन के पथ पर आगे बढ़ रहा है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में चारों ओर विकास दिखाई दे रहा है और आज बिहारी कहलाना गर्व की बात है। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्र कुशवाहा जिला जदयू प्रवक्ता डॉ धनंजय कुमार देव त्रिनयन कुमार युगल किशोर मुखिया विश्वास सिंह महेंद्र कुशवाहा शंभु कुशवाहा रामजन्म रविदास मन्टू कुशवाहा धनपत पासवान गुलशन कुशवाहा रंजीत सिंह संजय राम सकलदीप प्र संजय प्र कुशवाहा शिवचरण प्र संजय प्र मुन्ना पासवान विजय कु वर्मा ललन कुशवाहा इंदू चौहान दिनेश साव अरूण वर्मा आकाश कु काजल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में सम्मान समारोह, उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्मियों को मिले कई बंपर उपहार

लोक तंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज।** वारिसलीगंज स्थित अंबुजा सीमेंट प्लांट (अडानी सीमेंट) में कर्मचारियों के अटूट सहयोग और अहम योगदान को सम्मानित करने के लिए एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। प्लांट के विकास और प्रोजेक्ट की प्रगति में दिन-रात योगदान देने वाले कर्मियों का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से यह पहल की गई।अधिकारियों ने बढ़ाया कर्मियों का उत्साहकार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्ट हेड संजय शर्मा, प्लांट मैनेजर प्रमोद श्रीवास्तव और डॉ. अविनाश कश्यप के संयुक्त संबोधन से हुई। अपने प्रेरणादायक भाषणों में अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्लांट की सफलता उसके कर्मचारियों की कड़ी मेहनत और ईमानदारी पर टिकी होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कंस्ट्रक्शन - सूर्याभूषण और सिक्योरिटी हेड - जयशंकर सिंह ने भी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया।लकी ड्रॉ में मोटरसाइकिल और टीवी पाकर खिले कर्मियों के चेहरे समारोह का मुख्य आकर्षण सेफ्टी हेड रंजीत कुमार सिंह द्वारा आयोजित लकी ड्रॉ रहा। इसके तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले भाग्यशाली कर्मचारियों को कई शानदार पुरस्कार दिए गए। पुरस्कारों में रंगीन टीवी, आधुनिक स्मार्टफोन, ट्रॉली बैग




और नेकबैंड शामिल थे। वहीं, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण (मेगा बंपर प्राइज़) एक चमचमाती मोटरसाइकिल रही, जिसे पाकर कर्मचारी के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी।प्रेरणा और सम्मान के साथ हुआ समापन मैनेजमेंट के अनुसार, इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करना और कार्यस्थल पर एक सकारात्मक माहौल तैयार करना है ताकि अन्य कर्मी भी इससे प्रेरित हो सकें। कार्यक्रम का समापन गरिमामय पुरस्कार वितरण और सभी के लिए रखे गए विशेष जलपान (रिफ्रेशमेंट) के साथ हुआ।

# मलमास मेला से लौट रहे श्रद्धालुओं की टेंपो को ट्रक ने रौंदा, तीन की मौत

लोक तंत्र की आवाज

**राजगीर।** छबीलापुर थाना क्षेत्र के लोदीपुर गेट स्थित केके पॉलिटेक्निक कॉलेज के समीप रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब मलमास मेला में कुंड स्नान और पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं से भरी एक टेंपो अपने गांव लौट रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टेंपो में सीधी टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच



गई। टेंपो पर सवार सभी लोग खुदागंज थाना क्षेत्र के कोचरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं।हादसे में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए और सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीण ट्रक चालक की गिरफ्तारी तथा मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। जाम के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।सूचना मिलते ही राजगीर डीएसपी संजीत कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इधर दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को पास के एक पेट्रोल पंप के समीप छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। छबीलापुर थानाध्यक्ष ने तीन लोगों की मौत की पुष्टि की है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिजनौर अवैध खनन करके ला रहे ओवरलोड डंपर की टक्कर से 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट मुकेश सिंह
नगीना। क्षेत्र के ग्राम बड़ी बनी निवासी 17 वर्षीय किशोर की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम बड़ी बनी निवासी मुनीर अपने 17 वर्षीय पुत्र अजमल के साथ बाइक से नगीना आ रहे थे। मुनीर बाइक चला रहा थे, जबकि अजमल पीछे बैठा हुआ था। जैसे ही उनकी बाइक ग्राम बेलड़ी स्थित मंदिर के पास पहुंची, तभी पीछे से आ रहे खनन सामग्री से भरे एक डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अजमल गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने हादसे में शामिल डंपर को कब्जे में लेते हुए उसके चालक की तलाश शुरू कर दी। किशोर की असमय मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### दुकान का ताला तोड़कर कब्जा करने और मारपीट का आरोप, पुलिस से लगाई न्याय की गुहार



लोकतंत्र की आवाज
असद सिद्दीकी
देवबंद। कोतवाली क्षेत्र के अंबेहटा निवासी जोगिंदर पुत्र भोपाल सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर कुछ लोगों पर उनकी दुकान का ताला तोड़कर कब्जा करने तथा मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित जोगिंदर के अनुसार उनकी दुकान अंबेहटा शेखा चौराहे पर स्थित है। आरोप है कि अमरजीत और छोटू निवासी रनखंडी ने उनकी दुकान के ताले तोड़कर उस पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके तथा उनकी पत्नी संगीता के साथ गाली–गलौज और मारपीट की। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी जाते समय उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जोगिंदर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्हें एवं उनके परिवार को आरोपियों से जान–माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देवबंद में आवारा कुत्ते का आतंक, बुजुर्ग और मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल



असद सिद्दीकी
लोक तंत्र की आवाज
देवबंद, 14 जून 2026। नगर के मोहल्ला किला क्षेत्र में रविवार को एक आवारा कुत्ते के हमले से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में 60 वर्षीय रिहान पुत्र शरीफ तथा 7 वर्षीय अहमद शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, आवारा कुत्ते ने सबसे पहले रिहान पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके कुछ समय बाद उसी कुत्ते ने मोहल्ला किला निवासी 7 वर्षीय अहमद को भी काट लिया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवबंद ले जाया गया, जहां डॉ. लक्ष्य गुप्ता ने प्राथमिक उपचार प्रदान किया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए सहारनपुर के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस संबंध में डॉ. लक्ष्य गुप्ता ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता या कोई अन्य जानवर काट ले, तो सबसे पहले घाव को डिटॉल, लाइफबॉय अथवा किसी एंटीसेप्टिक साबुन से बहते पानी के नीचे कम से कम 15 मिनट तक अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक टीकाकरण कराना चाहिए। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में बढ़ते आवारा कुत्तों के आतंक पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

### जालौन में मत्स्य योजनाओं के आवेदन शुरू, 28 जून तक मिला है मौका

लोकतंत्र की आवाज
उरई। जनपद जालौन में मत्स्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना और सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं के लिए विभागीय पोर्टल 8 जून 2026 से 28 जून 2026 तक खुला रहेगा। इच्छुक आवेदक इस निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग का लक्ष्य मत्स्य पालन से जुड़े लोगों, मछुआरों और इस क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को इन योजनाओं से जोड़ना है।

# कर्नलगंज में एसओजी-पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़: एक को लगी गोली, तीन हुए गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज



करीम खान
**कर्नलगंज, गोण्डा।** कर्नलगंज क्षेत्र में देर रात पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के तीन बदमाशों को दबोच लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से एक बदमाश घायल हो गया। आरोपियों के कब्जे से 93 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद हुई हैं। पुलिस अधीक्षक के अनुसार, देर रात करनैलगंज इलाके में एसओजी और थाना पुलिस संयुक्त रूप से चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार तीन संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

**जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल:** पुलिस की जवाबी कार्रवाई में रामचंद्र गुप्ता नामक बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल अवस्था में उसे तत्काल सीएचसी करनैलगंज भेजा गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

**घेराबंदी कर दो और दबोचे:** मौके से भाग रहे दो अन्य बदमाश नईम और चांद बाबू को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपी शातिर अंतर्जनपदीय गिरोह के सदस्य हैं।

■ **93 हजार कैश, जेवरात और 2 बाइक बरामद, करनैलगंज-परसपुर-कटरा में की थीं दर्जनों वारदातें**

**कई थानों में दे चुके थे वारदात को अंजाम:** पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों ने करनैलगंज, परसपुर और कटरा बाजार थाना क्षेत्रों में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया है। गिरोह का नेटवर्क कई जिलों में फैला था।

**आपराधिक इतिहास:** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, घायल बदमाश रामचंद्र गुप्ता पर पहले से 10 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं नईम पर 6 मुकदमे दर्ज हैं। तीसरे बदमाश चांद बाबू का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 93 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। एसपी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश भी जारी है। एसपी ने पुलिस टीम को इस सफल कार्रवाई के लिए बधाई दी है। करनैलगंज क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों के बाद इस गिरफ्तारी से लोगों ने राहत की सांस ली है।

## करनैलगंज: जनसमस्याओं को ले सपा का 15 जून को तहसील घेराव, राष्ट्रपति को भेजा जाएगा ज्ञापन




लोकतंत्र की आवाज

करीम खान
**कर्नलगंज, गोण्डा।** विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी 15 जून 2026, सोमवार को तहसील करनैलगंज में विशाल धरना-प्रदर्शन कर तहसील का घेराव करेगी। पार्टी का आरोप है कि सरकार जनसमस्याओं पर गूंगी-बहरी बनी हुई है। धरने के बाद महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी करनैलगंज को सौंपा जाएगा।

**पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री करेंगे नेतृत्व:** धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे और पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह करेंगे। पार्टी ने दावा किया है कि इस प्रदर्शन में हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे से तहसील परिसर में धरना शुरू होगा।

**सभी पदाधिकारियों को जुटने का आह्वान:** समाजवादी पार्टी ने जनपद गोण्डा के सभी सेक्टर अध्यक्षों, सेक्टर पर्यवेक्षकों, बूथ प्रभारियों, ब्लॉक, विधानसभा, जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय पदाधिकारियों, बूथ कार्यकर्ताओं, जोन व सेक्टर के

■ **पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे और पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह करेंगे नेतृत्व, हजारों कार्यकर्ताओं के जुटने का दावा**

पदाधिकारियों और समाजवादी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि विशाल धरना-प्रदर्शन के जरिए सरकार को जगाया जाएगा और जनता की आवाज बुलंद की जाएगी।

**इन मुद्दों पर होगा प्रदर्शन:** पार्टी सूत्रों के मुताबिक धरना-प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की बिजली, पानी, सड़क, छुट्टा जानवर, राशन वितरण में गड़बड़ी, कानून व्यवस्था और किसानों की समस्याओं को उठाना है। सपा नेताओं का आरोप है कि तहसील स्तर पर जनता के काम नहीं हो रहे और अधिकारी सुनवाई नहीं कर रहे।

**प्रशासन अलर्ट:** धरना-प्रदर्शन और तहसील घेराव के एलान के बाद प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## बिजनौर युवती से दुष्कर्म व धमकी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार




लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट मुकेश सिंह
**कोतवाली देहात।** पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म, धमकी और वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार सात मई को पीड़िता ने कोतवाली देहात थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों ने उसे डरा-धमकाकर उसके साथ गलत कार्य किया तथा घटना का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच के दौरान पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी रिजवान पुत्र इल्यास निवासी सरखड़ा खेड़ी थाना किरतपुर, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## बिजनौर सफाईकर्मियों की हड़ताल समाप्त कराने पर कल होगी वार्ता

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट पायल कुमारी
**नहटौर।** नगर पालिका परिषद में पिछले छह दिनों से जारी सफाईकर्मियों के धरने और हड़ताल को समाप्त कराने के प्रयास तेज हो गए हैं। पालिकाध्यक्ष अनस इकरार ने हड़ताली कर्मचारियों को वार्ता के लिए आमंत्रित करते हुए उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाने का आश्वासन दिया है।

पालिकाध्यक्ष की ओर से जारी सूचना के अनुसार, कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा के लिए 15 जून को दोपहर दो बजे नगर पालिका कार्यालय में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और किसी भी निर्दोष कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी। नगरवासियों की सुविधा और



स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पालिकाध्यक्ष ने ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालित करने वाले कर्मचारियों से शहर में जमा कूड़ा उठाने की अपील भी की है। हड़ताल के कारण नगर के कई इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अधिशासी अधिकारी और सफाईकर्मियों के बीच चल रहे विवाद के चलते कर्मचारियों का धरना छठवें दिन भी जारी रहा। धरनास्थल पर विभिन्न सामाजिक और वाल्मीकि संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे और कर्मचारियों के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। धरने

को समर्थन देने वालों में राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विशाल पारछा, वाल्मीकि धर्मसभा भवधस भीम की प्रदेश अध्यक्ष रिंकी मसीह वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष पवन कुमार घाघट, रॉयल वाल्मीकि आर्मी के जिलाध्यक्ष राहुल देसाई, उपाध्यक्ष प्रियांशु चौनवाल तथा दलित पिछड़ा वर्ग भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंसार मलिक सहित कई अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। अब सोमवार को प्रस्तावित वार्ता पर कर्मचारियों और नगरवासियों की निगाहें टिकी हुई हैं। सभी को उम्मीद है कि बातचीत के जरिए विवाद का समाधान निकल सकेगा और नगर की सफाई व्यवस्था जल्द सामान्य हो जाएगी।

## बिजनौर अवैध तमंचे के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार, 315 बोर का कारतूस बरामद

लोकतंत्र की आवाज



रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
**चांदपुर।** बिजनौर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के सत्यापन एवं अपराध नियंत्रण अभियान के तहत थाना चांदपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को उपनिरीक्षक सुभाष चौधरी अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम जलीलपुर से नहर की पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर ग्राम बैरखेड़ा की ओर जाने वाले मार्ग से विकास पुत्र महाराज सिंह निवासी ग्राम तखतपुर, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा दो जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना चांदपुर में मु0अ0सं0 361/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। अभियान में उपनिरीक्षक सुभाष चौधरी, कांस्टेबल स्नेह सिद्धार्थ एवं कांस्टेबल अंकित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। बरामदगी एक अवैध तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस 315 बोर गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक सुभाष चौधरी कांस्टेबल स्नेह सिद्धार्थ कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल थे।

## स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
**हरदोई।** सीएचसी बावन में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया।स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया और मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में आए मरीजों की मुफ्त खून जांच, बीपी और शुगर की जांच की गई। डॉक्टरों द्वारा परामर्श के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां बांटी गईं।डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की।



शिविर में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई हैं। इसी सेवा भाव को आगे बढ़ाते हुए आज इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है ताकि क्षेत्र का कोई भी नागरिक इलाज से वंचित न रहे। बावन के ब्लॉक प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह ने आयुष्मान भारत और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की सराहना की।इस मौके पर सीएचसी बावन के अधीक्षक डॉ पंकज मिश्रा ने शिविर में आए सभी का आभार व्यक्त करते हुए पीएम राहत योजना के बारे में बताया जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल प्रत्येक व्यक्ति को डेढ़ लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जाती है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेशपाल वर्मा,देश दीपक दीक्षित,नाजिम खान,हेमंत सिंह,श्याम सिंह,वीरपाल वर्मा के अलावा बड़ी संख्या में प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित भारी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे।

## चोरी की पल्सर संग चढ़ा पुलिस के हत्थे कुतुबशेर पुलिस ने घंटों में खोला वाहन चोरी का राज

लोकतंत्र की आवाज

साजिद सलमानी ब्यूरो चीफ
**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर चोरी गई पल्सर मोटरसाइकिल बरामद कर ली। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चोरों में हड़कंप मच गया है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चकआदमपुर की पुलिया के पास बिना नंबर प्लेट की पल्सर मोटरसाइकिल के साथ असलूब पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम कुंम्हार हेड़ा, थाना सरसावा को गिरफ्तार किया। जांच में बरामद मोटरसाइकिल वही निकली, जिसे हबीब कॉलोनी निवासी साजिद की



ओर से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक आकाश कुमार, हेड कांस्टेबल रविन्द्र, हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार तथा कांस्टेबल संघप्रिय शामिल रहे।

## करनैलगंज: जमीन कब्जाने की नीयत से हत्या की साजिश का आरोप, पीड़ित ने डीआईजी से लगाई गुहार, सीओ से भी मिलकर मांगा न्याय

लोकतंत्र की आवाज

करीम खान
**गोण्डा।** थाना करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम कस्तूरी निवासी शिवकुमार पाण्डेय ने अपनी कीमती जमीन पर जबरन कब्जे की कोशिश और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए डीआईजी देवीपाटन परिक्षेत्र से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित ने सीओ कर्नलगंज से व्यक्तिगत मिलकर भी पूरे प्रकरण से अवगत कराया है।

**हाईवे पर स्थित है कीमती जमीन:** डीआईजी को दिए प्रार्थना पत्र में शिवकुमार पाण्डेय पुत्र देवता प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि वह ग्राम कोंचा कासिमपुर में गाटा संख्या 677 रकबा 0.178 हेक्टेयर का सह संक्रमणीय भूमिधर है। यह जमीन




गोण्डा-लखनऊ राजमार्ग पर स्थित होने के कारण काफी कीमती है। पीड़ित के मुताबिक उसकी गाटा संख्या 677 से सटे उत्तर दिशा में गाटा संख्या 676 स्थित है, जिस पर विपक्षी माधुरी देवी पत्नी स्व. शंकर प्रसाद तिवारी निवासी कोंचा कासिमपुर खातेदार हैं। आरोप है कि माधुरी देवी का पुत्र विश्वनाथ तिवारी झगड़ालू, भू-माफिया, दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है।

**हाईवे के किनारे स्थित कीमती जमीन पर विपक्षियों की गड़ी है नजर:** शिवकुमार का आरोप है कि गोण्डा-लखनऊ मार्ग और गाटा संख्या 676 के बीच में उसकी गाटा संख्या 677 पड़ती है। इसी कारण माधुरी देवी व विश्वनाथ तिवारी उसकी जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास करते रहते हैं।

**फर्जी मुकदमे और हत्या की साजिश का आरोप:** प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि विश्वनाथ तिवारी कुख्यात अपराधियों के साथ गिरोह बनाकर रहता है। वह प्रार्थी, उसके भाई और दोनों भाइयों के परिवार वालों को फर्जी मुकदमे में फंसाने, मारपीट करने और हत्या करने की योजना बनाता रहता है। विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि विश्वनाथ तिवारी अपराधियों के साथ मिलकर प्रार्थी व उसके परिवार की हत्या कर सकता है, जमीन पर कब्जा कर सकता है और पेशबंदी में झूठी घटना दिखाकर फर्जी मुकदमा भी लिखवा सकता है।

**डीआईजी से सुरक्षा की मांग:** पीड़ित ने आशंका जताई है कि विश्वनाथ तिवारी कभी भी उसके साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है। अगर प्रार्थी या उसके परिवार के साथ कोई घटना होती है तो उसके जिम्मेदार विश्वनाथ तिवारी व उसके गिरोह के सदस्य होंगे। पीड़ित ने डीआईजी से मामले की जांच कराकर दोषियों पर विधिक कार्रवाई करने और जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।

**पीड़ित ने सीओ से मिलकर भी लगाई गुहार:** पीड़ित शिवकुमार पाण्डेय ने सीओ कर्नलगंज से व्यक्तिगत मिलकर भी संपूर्ण प्रकरण से अवगत कराया और न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अनुसूचित जनजाति खरवार संघ की बैठक



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती ।फेंकू टोला गांव में अनुसूचित जनजाति खरवार जाति की पंचायत स्तरीय बैठक आयोजित किया गया। इस बैठक में पंचायत स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष संजय मंडल, सचिव उपेंद्र मंडल, कोषाध्यक्ष सुमन कुमार मंडल,का चयन किया गया। बैठक में सेवानिवृत शिक्षक धनेश्वर मंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से सभी सदस्यों को नई प्रेरणा मिली। संघ के अध्यक्ष भुवनेश्वर मंडल , सचिव इंद्रदेव प्रसाद मंडल , पिंटू मंडल , अरविंद कुमार सिंह एवं सभी ग्रामीण भाई-बहन उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

### पूर्णाहुति के साथ नौ कुंडिय शतचंडी महायज्ञ सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज ।शहर के मां बायसी मंदिर प्रांगण में सात दिवसीय नौ कुंडिय शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन रविवार को वैदिक मंत्रोचारण के साथ 33 कोटि देवी देवताओं का आह्वाहन करके यज्ञ मंडप का पूजन व हवन किया। वही वैदिक मंत्रोचारण से जिला प्रदेश व जगत कल्याण सुख समृद्धि की कामना करके पूर्णाहुति दिया गया। पूर्णाहुति के साथ शतचंडी महायज्ञ विधिवत संपन्न हुआ। वही यज्ञ मंडप की परिक्रमा व पूजन करने सैकड़ो महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंचकर पूजन करके यज्ञ मंडप की परिक्रमा किए। वैदिक मंत्रोचारण से पूरा क्षेत्र शुद्ध पवित्र भक्तिमय हो गया है। शहर भक्ति के रंग में डूबा हुआ था। यज्ञ समिति की ओर से भंडारा स्वरूप प्रसाद का आयोजन किया गया था, जिसमे सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। वही संध्या बेला वृंदावन धाम से आई कथा वाचिका सुदीक्षा कृष्णा ने श्रीमद भागवत कथा सह रासलीला में कहा कि जो लोग भगवान का नाम लेते है, नशा का सेवन न करते वो हमेशा खुशहाल होते है। उनका घर परिवार खुशहाल होता है, धन धन्य से घर जीवन भरा रहता है। मौके पर यज्ञ समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### मानसून से पहले जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग, मंत्री शैलेंद्र ने दिया सकारात्मक पहल का आश्वासन



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर/नवगछिया। रविवार को नवगछिया पुलिस जिला भाजपा के जिला मंत्री रूपेश कुमार रूप ने बिहपुर स्थित एनडीए कार्यालय में राज्य के पथ निर्माण मंत्री सह बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इं. शैलेंद्र से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों और टोलों में जलजमाव एवं जल निकासी की गंभीर समस्या को उठाते हुए इसके स्थायी समाधान की मांग की।
श्री रूप ने मंत्री को बताया कि झंडापुर, औलियाबाद, बिहपुर, जयरामपुर, हरिओ, मड़वा समेत प्रखंड के कई क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षों से जलजमाव की गंभीर समस्या बनी हुई है। स्थिति यह है कि हल्की बारिश होने पर भी कई गांवों की मुख्य सड़कों और बाजार क्षेत्रों में दो से तीन फीट तक पानी जमा हो जाता है, जिससे आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आगामी मानसून को देखते हुए जनहित में जल निकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जलजमाव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने की मांग की। मंत्री इं. शैलेंद्र ने भाजपा जिला मंत्री रूपेश कुमार रूप की मांग को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि इस दिशा में शीघ्र ही सकारात्मक पहल करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि आमजन को जलजमाव की समस्या से निजात मिल सके।

### भागलपुर स्टेशन पर यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा, 2-3 नंबर प्लेटफॉर्म पर लगेंगी लिफ्ट



लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर ।भागलपुर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए बड़ा बदलाव किया जा रहा है। प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3 पर अब दो नई लिफ्ट लगाई जाएंगी, जिससे यात्रियों को आने-जाने में आसानी होगी, खासकर बुजुर्गों और दिव्यांगों को राहत मिलेगी ।इसके लिए पहले से बना संकरा फुट ओवर ब्रिज हटाया जा चुका है और उसके स्थान पर लिफ्ट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। रेलवे प्रशासन ने निर्माण कार्य की पूरी तैयारी कर ली है। नई योजना के तहत पहले एक तरफ का फुट ओवर ब्रिज तोड़कर वहां चौड़ा और आधुनिक फुट ओवर ब्रिज बनाया जाएगा। इसके बाद दूसरे हिस्से में भी लिफ्ट की सुविधा विकसित की जाएगी, ताकि दोनों प्लेटफॉर्म पर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सके ।रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह कदम यात्रियों की भीड़ कम करने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। आने वाले समय में भागलपुर स्टेशन पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर यात्री सुविधाएं देखने को मिलेंगी।

## पैगमबर मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो वसलम के मुये मुबारक की जियारत व महफिले शमा के साथ उर्स संपन्न

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/ नवगछिया।** बिहपुर के खानका ए आलिया कादिरिया फरीदिया मोहब्बतिया मे रविवार को सुफी संत धर्म गुरु हजरत सैयदना हुजूर मोहब्बत शाह कादरी फरीदी रहमतुललाह अलैहे एव हजरत सैयदना हुजूर अलैहदाद शाह कादरी फरीदी रहमतुललाह अलैहे का सालाना उर्स ए पाक देर शाम संपन्न हो गया ।लौगो ने सुबह सात बजे से नौ वजे तक पैगमबर मोहम्मद मुस्तफा सल्लाहो वसलम के मुये मुबारक की जियारत आम लौगो ने किया।

शनिवार देर रात तक आयोजित जलसा व कबबाली की सरपरस्ती खानका ए आलिया गुलजारिया के सज्जादानशी हजरत मौलाना सैयद अलहाज मुसा फरीदि राटन शरीफ ने किया ।बिहपुर खानका ए आलिया कादिरिया फरीदिया के सज्जादानशी हजरत अली कौनैन खॉ कादरी फरीदी के सदारत एवं नायव सज्जादानशी हजरत मौलाना अली शब्बर खॉ कादरी फरीदी के जेरे कयादत मे जलसा कबबाली आयोजित हुआ ।जिसमे गया से हजरत मौलाना डा0 जाकिर हुसैन, मौलाना अबूसालेह फरीदी, ने अपनी तकरीर मे कहाकि हजरत मोहब्बत शाह रहमतुल्लाह अलैहे एव हजरत अलैहदाद शाह रहमतुललाह का सारा जीवन लौगो की भलाई मे बीता हमें उनके बताये हुये रास्ते पर चलना चाहिए! नात खानी मे झाडखंड के शायरे इस्लाम हजरत शहबाज़ सिद्दिकी, धनवाद से शायरे इस्लाम हजरत उसमान आलम,खगड़िया से शायरे इस्लाम शौकीन नवाज शौक ने हजरत मोहब्बत शाह एव हजरत अलैहदाद शाह की शान मे एक से बढकर एक नात एवं मनकबत सुनाया ।

संचालन मधेपुरा के हजरत मौलाना बदरूजमा साहब ने किया !जलसे का आगाज हाफिज काडी हजरत नैयर जमाली ने तिलाबते कुरान शरीफ पढ कर शुरूआत किया ।महफिले शमा मे समस्तीपुर के कबबाल अकरम फरीदी एव रूस्तम कबबाल ने खानकाही कवबाली सुनाकर लौगो को खुब झुमाया ।महफिले शमा के बाद लौगो के लंगर व शिरणी तकशीम किया गया मौके पर कर्रार खॉ फरीदी, रहबर खान कादरी, रहनुमा खॉ ,थानाधयझ संतोष कुमार शर्मा, बुशमस आजम, जिप सदस्य मोईन राईन ,पैक्स अध्यक्ष कुणाल कुमार उर्फ भानू झा , रोहमा खॉ, अबूल हसन ,गुलाम पंजतन, मेहरबान फरीदी, जफर खॉ, हस्सान फरीदी, मोहम्मद अनबारूल ,सददाम फरीदी, जमशेद फरीदी, आदि लोग मौजूद थे।

## दूर देहात संस्थान ने किया साइबर सुरक्षा पर जागरुकता सत्र आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

विभूतिपुर/समस्तीपुर। दूर देहात संस्थान में इंटर्न्स के लिए साइबर सुरक्षा विषय पर डिज़िटल जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों के प्रति युवाओं को जागरूक करना तथा उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के प्रति शिक्षित करना था। सत्र के दौरान प्रशिक्षक विवेक कुमार ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया।

उन्होंने नेटवर्क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए Firewall, VPN, Encryption तथा IDS/IPS जैसे आधुनिक सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों का सही उपयोग कर व्यक्तिगत और संस्थागत डाटा को सुरक्षित रखा जा सकता है। प्रशिक्षक ने पासवर्ड सुरक्षा को साइबर सुरक्षा की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी बताते हुए मजबूत पासवर्ड बनाने के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि पासवर्ड कम से कम 12 अक्षरों का होना चाहिए,जिसमें बड़े एवं छोटे अक्षर, अंक और विशेष चिन्ह शामिल हों। साथ ही प्रत्येक ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग पासवर्ड रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

**■ इंटर्न्स को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और साइबर बचाव के दिए गए महत्वपूर्ण टिप्स**

कार्यक्रम में साइबर हमलों के विभिन्न प्रकारों एवं उनसे बचाव के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षक ने प्रतिभागियों को सतर्क रहने और डिजिटल माध्यमों का सावधानीपूर्वक उपयोग करने की सलाह दी तथा कहा कि जानकारी ही सबसे बड़ा हथियार है। कार्यक्रम के अंत में मनीष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम की जानकारी कार्यक्रम समन्वयक पिंटू कुमार ने दी। सत्र में इंटर्न्स की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और यह कार्यक्रम उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक साबित हुआ।

## आदर्श पंचायत मोतीपुर के विकास कार्यों का पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण



**लोकतंत्र की आवाज**
**रोसड़ा/समस्तीपुर।** प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत राज मोतीपुर में सप्तम वित्त राज्य आयोग बिहार सरकार के अध्यक्ष एवं सदस्य आईएएस अधिकारी का टीम तथा उप विकास आयुक्त समस्तीपुर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी समस्तीपुर के द्वारा आदर्श पंचायत मोतीपुर के विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। जहां विकास कार्यों की जानकारी ली और मोतीपुर द्वारा आगे किए जाने विज़न,कार्य करने की विजन को जाना। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य के 50 सदस्यीय टीम द्वारा मोतीपुर पंचायत में एक्सपोजर विजिट किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 21 पदाधिकारीगण एवं 29 जनप्रतिनिधिगण शामिल थे। सभी ने मोतीपुर पंचायत के विकास कार्यों को बारीकी से देखा,समझा,जाना और छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिला के अपने-अपने पंचायत में एवं अपने जिला में विकास कार्यों को करने का सीख लेकर गए। सभी लोग मोतीपुर के विकास कार्यों से बहुत ही प्रसन्न हुए एवं इनका अनुकरण कर अपने पंचायत में मोतीपुर पंचायत जैसा कार्य करने का संकल्प लिया।

## एसपी ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक

लोकतंत्र की आवाज़



**साहिबगंज।** पुलिस लाइन के पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार कक्ष में रविवार को मासिक अपराध नियत्रंण गोष्ठी हुई। इसकी अध्यक्षता पुलिस कप्तान अमित कुमार सिंह ने की। अपराध गोष्ठी में एसपी ने थाना प्रभारियों को संबोधित करते हुए अपराध नियंत्रण सम्बंधी दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस को पूरी तरह सतर्क रहने की ज़रूरत है। किसी भी हाल में कोताही नहीं बरतें। एसपी ने मोहर्रम पर्व को लेकर भीड़ से निपटने के लिए आवश्यक तैयारी करने, बैकअप प्लान तैयार करने, मोहर्रम समितियों सदस्यों की सूची तैयार करने, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला गाना नहीं बजाना सुनिश्चित कराने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने का विशेष निर्देश दिया। कहा कि रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करें। गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करें।

चौक, चैराहों व सन्नाटों में बेवजह खड़े लोगों से पूछताछ करें। हर गली मोहल्लों में पेट्रोलिंग करें। चोरी की घटना में संलिप्त पूर्व में रहे लोगों का डाटा तैयार कर उस पर नजर बनाए रखें। उन्होंने थाना में लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने लाल वारंटियों को गिरफ्तार करने, सुचारू रूप से वाहन जांच अभियान चलाने, अवैध लॉटरी, जुआ के अड्डे व गांजे जैसे अवैध कारोबार पर नकेल कसने का निर्देश दिया। उन्होंने जेल से छूटने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही लोगों से बेहतर तालमेल बनाने, थानों में उनकी समस्या सुनने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, ज़मीनी विवाद पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मौके में सदर डीएसपी, सदर एसडीपीओ, बरहरवा एसडीपीओ, राजमहल एसडीपीओ, जिला के सभी इंस्पेक्टर, पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी, जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी, बोरियो थाना प्रभारी, सहित जिले के अन्य थाना प्रभारी मौजूद थे।

## नवगछिया में योगा खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ, खिलाड़ियों को दी जाएगी विशेष ट्रेनिंग

लोकतंत्र की आवाज




**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** नवगछिया योगा एकेडमी के तत्वावधान में रविवार को सावित्री पब्लिक स्कूल, नवगछिया में योगा खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला योगा खेल संघ के अध्यक्ष आर. पी. राकेश, जिला संयोजक घनश्याम प्रसाद तथा सावित्री पब्लिक स्कूल के प्रशासक सुमित कुमार साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर योगा खेल के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं कोच धर्मचंद भगत, ताइक्वांडो कोच संजय सिंह, राहुल आनंद, जयंत राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। योगा खेल बच्चों में अनुशासन, एकाग्रता और आत्मविश्वास का विकास करता है। शिविर में बच्चों को फिजिकल फिटनेस के साथ-साथ योगा खेल की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को विभिन्न योगासन, संतुलन, लचीलापन और प्रतियोगिताओं से संबंधित आवश्यक कौशल की जानकारी दी जा रही है। आयोजकों ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिताओं के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित एवं प्रमोट किया जाएगा, ताकि वे जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। शिविर को लेकर बच्चों और अभिभावकों में भी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## मकथा में गुरुकुल से स्वयंवर तक, झांकी देख भक्ति में डूबे श्रद्धालु

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** कहलगांव. बाबा बटेश्वर नाथ की पुण्यभूमि ओरियप स्थित भगवती सुंगल माता मंदिर परिसर में सातवें दिन श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ ने भक्तों को त्रेतायुग की याद दिला दी. श्री अयोध्या धाम से पधारी कथावाचिका सुश्री मानसबिन्दु शास्त्री जी के मुख से निकले एक-एक शब्द पर पूरा पंडाल मंत्रमुग्ध था. उन्होंने चारों भाइयों का गुरुकुल प्रवेश, ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा, शिला बनी अहिल्या का उद्धार और मिथिला के सीता स्वयंवर का ऐसा जीवंत वर्णन किया कि आंखें भर आईं. हर प्रसंग के साथ सजी झांकियां कथा को जीवंत कर रही थीं. गुरुकुल में वेद पढ़ते राम-लक्ष्मण-भरत-शत्रुघ्न ताड़का का वध कर यज्ञ बचाते राम, भगवान के चरण स्पर्श से शापमुक्त होती अहिल्या और शिव धनुष तोड़ सीता का वरण करते मर्यादा पुरुषोत्तम की झांकी देखते ही पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा. कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं.

सुश्री शास्त्री जी ने कहा, की मानव जीवन मे गुरुकुल हमें सिखाता है कि विद्या बिना विनय अधूरी है. यज्ञ की रक्षा बताती है कि धर्म के लिए खड़े होना ही सच्ची सेवा है. अहिल्या का उद्धार यह विश्वास देता है कि प्रभु कृपा से पतित भी पावन हो जाता है और सीता स्वयंवर सिखाता है कि संयम और मर्यादा से ही जीवन में सच्ची विजय मिलती है. संयोजक त्रिभुवन शेखर झा, सरपंच गीता प्रसाद मंडल, निरंजन मंडल, जय हिंद मंडल, विनोद दास, सन्हौला के रामविलास सहित अन्य गणमान्य सक्रिय है.

## खेग्रामस पंचायत कमिटी की बैठक संपन्न, 1000 सदस्य बनाने का लक्ष्य

लोकतंत्र की आवाज




**ताजपुर/समस्तीपुर।** अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा(खेग्रामस) की रहीमाबाद पंचायत कमिटी की बैठक पंचायत क्षेत्र जोगी स्थान परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नीलम देवी ने की। बैठक में संगठन विस्तार, जनसमस्याओं तथा आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा 1000 सदस्य बनाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि गरीबों, खेत मजदूरों एवं ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। वहीं वक्ताओं ने बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ गरीबों को वासभूमि और आवास उपलब्ध कराने, मनरेगा के तहत सभी जरूरतमंद परिवारों को पर्याप्त काम देने तथा ग्रामीण मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। बैठक में अनुपलाल साह, उर्मिला देवी, उपमा देवी, रधिया देवी, कांति देवी, परिया देवी, रामपरि देवी, पूजा देवी, किस्मत देवी, रीतिया देवी, इंदु देवी समेत कई कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में पंचायत क्षेत्र में सदस्यता अभियान चलाने और जनसमस्याओं को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया।

## अब कैसे कटेगी जिंदगी ? पति की मौत के बाद इंसाफ की आस में भटक रही काजल

लोक तंत्र की आवाज



**जदिया/ सुपौल।** थाना हाजत में बिट्टू कुमार की मौत के कई दिन बीत चुके हैं, लेकिन उसकी पत्नी काजल देवी का दर्द कम नहीं हुआ है. पति को खोने के सदमे से उबर नहीं पाई काजल आज भी न्याय की उम्मीद में अधिकारियों और लोगों के दरवाजे खटखटा रही है. उसका कहना है कि परिवार का सहारा छिन गया, लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिला है.

**पुलिस ले गई थी, लेकिन वापस जिंदाः नहीं लौटेः** घर की चौखट पर बैठी काजल देवी की आंखें बार-बार भर आती हैं. वह कहती है कि उसके पति को पुलिस अपने साथ लेकर गई थी, लेकिन वे जिंदा वापस नहीं लौटे. पति की मौत ने न सिर्फ उसकी दुनिया उजाड़ दी, बल्कि पूरे परिवार को गहरे संकट में डाल दिया है. काजल का कहना है कि अब उसे सबसे ज्यादा चिंता अपने बेटे और परिवार के भविष्य की है. पति ही घर की आर्थिक जिम्मेदारी संभालते थे. उनके जाने के बाद परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है.

**मासूम बेटे के सिर से उठ गया पिता का सायाः** बिट्टू कुमार की मौत के साथ ही उसके छोटे बेटे के सिर से पिता का साया उठ गया. मासूम अभी इतना छोटा है कि उसे इस त्रासदी का पूरा एहसास भी नहीं है. लेकिन घर में पसरे मातम और परिजनों के दर्द का असर उस पर भी साफ दिखाई दे रहा है.

**सिर्फ निलंबन नहीं, हत्या का मुकदमा दर्ज होः** काजल देवी ने पुलिस विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि कुछ पुलिसकर्मियों का निलंबन पर्याप्त नहीं है. यदि उसके पति की मौत पुलिस हिरासत में हुई है तो जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए. उसने मांग की कि थानाध्यक्ष नंदकिशोर नंदन समेत जिन लोगों की भूमिका इस मामले में रही है, उनकी निष्पक्ष जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए. साथ ही मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी या उच्चस्तरीय टीम से कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके.

**■ थाना हाजत में हुई बिट्टू कुमार की मौत के बाद उसकी पत्नी काजल देवी की दुनिया जैसे उजड़ गई है. आंखों में आंसू, गोद में मासूम बेटा और मन में एक ही सवाल- आखिर इंसाफ कब मिलेगा?**

**हर आने-जाने वाले से एक ही सवालः** काजल देवी की जिंदगी जैसे ठहर गई है. गांव में जो भी उससे मिलने आता है, वह एक ही सवाल पूछती है- मुझे इंसाफ कब मिलेगा? उसके चेहरे पर दर्द, बेबसी और भविष्य की चिंता साफ दिखाई देती है. परिजनों का कहना है कि विभागीय कार्रवाई अपनी जगह है, लेकिन जब तक मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं होगा और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं होगी, तब तक परिवार को न्याय मिलने का एहसास नहीं होगा.

**जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं उम्मीदें:** फिलहाल मामले में विभागीय जांच जारी है और कई पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी हो चुकी है. लेकिन बिट्टू की पत्नी और परिजनों की निगाहें अब जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं. उन्हें उम्मीद है कि जांच से सच्चाई सामने आएगी और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई होगी.

## संक्षिप्त खबरें ।

### अरेराज: गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के पांडेय टोला में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** पुलिस ने गोविन्दगंज थाना क्षेत्र के सरेया पाण्डेय टोला में बड़ी छापेमारी कर नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 1.890 किलोग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ, 4 किलोग्राम गांजा, 1.100 किलोग्राम डोडा तथा ₹14,300 नकद बरामद किया है। इस कार्रवाई में चार महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। यह छापेमारी डुमरियाघाट में पहले हुई 10.540 किलोग्राम अफीम जैसे पदार्थ की बरामदगी के साथ गिरफ्तार तीन तस्करों से पूछताछ के आधार पर की गई है। अरेराज एसडीपीओ रवि कुमार व पुलिस उपाधीक्षक ऋषभ कुमार परिहार के नेतृत्व में गोविंदगंज थाना, डुमरियाघाट थाना, संग्रामपुर थाना व पहाड़पुर थाना ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, यह नेटवर्क नेपाल से बिहार तक फैला हुआ है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की गहन जांच जारी है तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नरकटियागंज : एसडीपीओ ने बैठक कर लंबित कांडों का जल्द निष्पादन करने का दिया निर्देश



**संवाददाता मेराज आलम**
**नरकटियागंज** शिकारपुर थाना परिसर में सभी पुलिस पदाधिकारियों के साथ एसडीपीओ ने एक बैठक किया। बैठक के दौरान एसडीपीओ ने बारी बारी से सभी पुलिस पदाधिकारियों के पास मौजूद लंबित कांडों का अवलोकन किया। कई मामलों में उन्होंने कांड के अनुसंधानकर्ताओं को फटकार लगाई। एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के आदेश के आलोक में शिकारपुर थाना के सभी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक में आएं सभी पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों को हाईटेक करने की दिशा में भी पहल की जा रही। बहुत सारे एप्प भी आएं हुए हैं जिसकी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अपहरण, हत्या, गुमशुदगी तथा दहेज कांड के लंबित मामलों का जल्द से जल्द निष्पादन करने का टास्क दिया गया है। इसके अलावा शराब मामले में एक प्लान के तहत रेगुलर छापेमारी करने का निर्देश भी दिया गया है। मौके पर पर्यवेक्षी पदाधिकारी संतोष कुमार शर्मा, एस आई संदीप कुमार, एकता सागर, खुर्शीद आलम, जिवेश कुमार, आकाश कुमार, श्रीराम कुमार, जय भगवान कुमार, नेहा कुमारी आदि मौजूद रहें।

### नरकटियागंज: वायरल वीडियो में मदरसे का चावल बेचने का आरोप, जांच की मांग

**संवाददाता मेराज आलम**
**गौनाहा** नरकटियागंज के धूमनगर पंचायत चांदपुर गांव वार्ड संख्या-01 स्थित सरकारी मदरसा नुरुल इस्लाम में मध्यान भोजन योजना के चावल की कथित बिक्री का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें मदरसे से चावल बाहर ले जाए जाने का दावा किया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार मदरसे के हेड मुदारीश अहमद अली पर मध्यान भोजन के लिए आवंटित दो बोरा चावल बेचने का आरोप लगाया गया है। बताया जाता है कि गांव के एक युवक ने मदरसे परिसर में एक व्यक्ति को बाइक पर चावल लादते हुए देखा। युवक ने अपने मोबाइल फोन से इसका वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जब संबंधित व्यक्ति दो बोरा चावल लेकर मदरसे से बाहर निकला तो उसे रोककर पूछताछ की गई। वहीं युवक का आरोप है कि इससे पहले भी कई बार रात के समय पिकअप वाहन के माध्यम से चावल बाहर भेजे जाने की सूचनाएं मिलती रही हैं।ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि बच्चों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि मदरसे से चावल दूसरे स्थानों पर भेजा जाता है। स्थानीय लोगों ने मदरसे के संचालन को लेकर भी कई सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि मदरसा निजी जमीन पर संचालित हो रहा है, जबकि मदरसे की स्वीकृत जमीन कहीं और है। साथ ही एक ही परिवार के कई सदस्यों के मदरसे से जुड़े होने की भी चर्चा है।हालांकि वायरल वीडियो और लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। मामले में एमडीएम प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि वायरल वीडियो की सूचना मिली हैं मदरसे की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर घोड़ासहन में रक्तदान, स्वास्थ्य सेवा एवं जन- जागरूकता का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज




**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**पूर्वी चंपारण।** घोड़ासहन, 14 जून। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कॉलेज, घोड़ासहन परिसर में रोटरी क्लब घोड़ासहन, रेड क्रॉस सोसाइटी पूर्वी चम्पारण एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, सहयोग शिविर एवं लोक शिकायत जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम नागरिकों, जीविका दीदियों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी चम्पारण के पदेन अध्यक्ष सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शैलेन्द्र भारती ने कहा कि सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता लोगों तक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। सहयोग शिविरों का उद्देश्य दोषारोपण नहीं बल्कि समस्याओं का समाधान, व्यवस्था में सुधार तथा जनता और प्रशासन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना है। कार्यक्रम को संवादात्मक स्वरूप देते हुए भारती ने उपस्थित जीविका दीदियों एवं नागरिकों से विभिन्न सरकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की तथा उनकी जानकारी का परीक्षण किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों के बीच सरकारी योजनाओं, अधिकारों एवं सेवाओं के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर के संबंध में भारती ने कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवाओं में से एक है। रेड क्रॉस सोसाइटी, पूर्वी चम्पारण द्वारा जिले में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वैच्छिक रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उनके मार्गदर्शन एवं विशेष पहल से आयोजित इस शिविर में 50 से अधिक महादानियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगभग 200 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. दिव्यांदीप, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एल.बी. प्रसाद, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुराग अमर, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ.आशुतोष कुमार तथा नेत्रिका फाउंडेशन के तत्वावधान में नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कमलेश कुमार एवं उनकी टीम द्वारा मरीजों की जांच की गई। चिकित्सकों ने रोगियों को आवश्यक परामर्श प्रदान किया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया। शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र रोग, दंत रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उठाया। कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल अधिकारी घोड़ासहन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारीगण तथा अंचल एवं प्रखंड प्रशासन के अन्य कर्मियों की उपस्थिति रही। विशेष रूप से 100 से अधिक जीविका दीदियों की सक्रिय सहभागिता कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। इस अवसर पर जवाहरलाल नेहरू कॉलेज परिवार की ओर से शैलेन्द्र भारती का सम्मान किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर संत साह ने उन्हें उनकी रचित पुस्तक ₹सुगौली का इतिहास₹ सहित कॉलेज एवं क्षेत्रीय इतिहास से संबंधित पुस्तकों का सेट भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रोटरी क्लब घोड़ासहन के अध्यक्ष रंजीत अग्रवाल ने सभी अतिथियों, रक्तदाताओं, चिकित्सकों, प्रशासनिक पदाधिकारियों, जीविका दीदियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और मानवीय सहयोग के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। रोटरी क्लब मोतिहारी के अध्यक्ष अभिमन्यु ने रक्तदान करने वाले सभी महादानियों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है और समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से रक्तदान अभियान से जुड़कर सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला प्रशासन, रेड क्रॉस सोसाइटी, रोटरी क्लब, नेत्रिका फाउंडेशन, चिकित्सकों, जीविका समूहों, जवाहरलाल नेहरू कॉलेज परिवार एवं स्थानीय नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण रहा। उपस्थित लोगों ने ऐसे कार्यक्रमों को जनस्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता एवं सुशासन को बढ़ावा देने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## मानसून से पहले रेलवे अलर्ट, ट्रैक किनारे पेड़-पौधों की कटाई शुरू



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।**
मानसून के आगमन और हाल के दिनों में आए तेज आंधी-तूफान तथा बारिश को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने सहरसा-मानसी रेलखंड पर विशेष सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। यात्रियों की सुरक्षा और रेल परिचालन को निर्बाध बनाए रखने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा ट्रैक के किनारे उगे पेड़-पौधों, झाड़ियों एवं खतरनाक शाखाओं की कटाई-छंटाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन और बाबा रघुनी हाल्ट के बीच रेलवे ट्रैक के आसपास उगी झाड़ियों तथा पेड़ों की शाखाओं को हटाने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। रेलवे कर्मियों की टीम जेसीबी एवं अन्य आधुनिक मशीनों की सहायता से ट्रैक के दोनों ओर सफाई और कटाई-छंटाई में जुटी हुई है। रेल सूत्रों के अनुसार हाल में सिमरी बख्तियारपुर स्टेशन से बाबा रघुनी हाल्ट तक चला विशेष अभियान, आंधी-तूफान में रेल परिचालन सुरक्षित रखने की कवायद आए तेज आंधी-तूफान और बारिश के कारण कई स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं रेलवे की ओवरहेड विद्युत तारों और ट्रैक के लिए खतरा बनती जा रही थीं। खराब मौसम के दौरान ऐसी शाखाओं के टूटकर गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित होने और रेल परिचालन प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। यही कारण है कि रेलवे ने संभावित जोखिम वाले स्थलों की पहचान कर वहां प्राथमिकता के आधार पर अभियान शुरू किया है। अधिकारियों के अनुसार मौसम विभाग द्वारा मानसून के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा और तेज हवाओं की संभावना जताई गई है, इसलिए पहले से ही एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। रेलवे प्रशासन ने स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि जिन लोगों के निजी परिसर में ऐसे पेड़ हैं जिनकी शाखाएं रेलवे लाइन या ओवरहेड बिजली तारों की ओर बढ़ रही हैं, वे समय रहते उनकी कटाई-छंटाई करा लें। इससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को कम किया जा सकेगा। साथ ही रेलवे ने नागरिकों से आग्रह किया है कि यदि ट्रैक के आसपास कोई खतरनाक पेड़, सूखी शाखा अथवा अन्य जोखिमपूर्ण स्थिति दिखाई दे तो इसकी सूचना तत्काल रेलवे अधिकारियों को दें। रेलवे का मानना है कि प्रशासन और आम लोगों के संयुक्त प्रयास से संभावित खतरों को कम करते हुए रेल सेवाओं की सुरक्षा और सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सकता है।

## केसरिया: बिजधरी पुलिस ने चोरी के समान के साथ चोर को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
**मोतिहारी।** बीजधरी थाना अंतर्गत दिलिया बाजार पर एक जेनरल दुकान में कुछ चोरों द्वारा 12-13 तारीख की रात को चोरी हुई थी। जिसका प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान में संदिग्ध के घर की तलाशी ली गई तो तलाशी के क्रम में निम्न चोरी का सामान बरामद किया गया है।

01.₹20,240 रुपया
02.फिल्टर ब्लैक कंपनी का 4 डिब्बा सिगरेट का पैकेट
03.क्लासिक कंपनी का 5 डब्बा सिगरेट का पैकेट
4.एडवांस कंपैक्ट कंपनी का 4 डब्बा सिगरेट का पैकेट
5.एडिशन कंपनी का 3 डब्बा सिगरेट का पैकेट
6.बिग 2.09 इंफिनिटी डिस्पले कंपनी का वायरलेस चार्जिंग ळ900 अल्ट्रा स्मार्ट वॉच (02)
7.1.99 इंफिनिटी डिस्पले टी 800 अल्ट्रा कंपनी का एक स्मार्ट वॉच
8.विमल पान मसाला (03)
9.कमल पसंद पान मसाला (07)
10.एक्शन का पान मसाला 7 पीस
11.तुलसी 00 (20 )पीस
12.विमल का तुलसी 04 पीस
13.डबल ब्लैक का 03 पीस तुलसी एवं अभियुक्त आलोक कुमार पिता मुसाफिर राय ग्राम बीजधरी थाना बीजधरी जिला पूर्वी चंपारण को गिरफ्तार किया गया। वहीं बिजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने कहा कि इस मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही हैं।

## सहरसा में दिनदहाड़े महिला से सोने की बाली झपटकर फरार हुए बाइक सवार बदमाश, पुलिस गश्ती पर उठे सवाल

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।**
सहरसा जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला बैजनाथपुर-सोनवर्षा राज मुख्य मार्ग का है, जहां रविवार को दिनदहाड़े एक सीएनजी ऑटो में सफर कर रही महिला से बाइक सवार दो युवकों ने सोने की बाली झपट ली और फरार हो गए। घटना बैजनाथपुर प्लांट के समीप की बताई जा रही है। पीड़िता चंदन देवी अपने मायका पतरघट जाने के लिए सहरसा से ऑटो पर सवार हुई थीं। बताया जा रहा है कि बैजनाथपुर चौक से ही काले रंग की अपाचे बाइक पर सवार दो युवक ऑटो का पीछा कर रहे थे। सुनसान जगह मिलते ही बदमाशों ने महिला के कान से सोने की बाली झपट ली, जिससे महिला घायल हो गई। घटना के बाद ऑटो चालक ने मानवता दिखाते हुए घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौर बाजार पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर सौर बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन जांच के दौरान यह मामला बैजनाथपुर थाना क्षेत्र का बताया गया। वहीं घायल महिला के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराने की तैयारी में जुट गए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब दिनदहाड़े मुख्य सड़क पर इस तरह की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है, तब पुलिस गश्ती आखिर कहां थी? लगातार बढ़ रही झपटमारी और छिनतई की घटनाओं से आम लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बढ़ रहे सूखा नशा और नशे के कारोबार के कारण इस तरह की घटनाओं में इजाफा हुआ है। अब देखना यह होगा कि पीड़िता द्वारा आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस अपराधियों तक पहुंच पाती है या फिर यह मामला भी फाइलों में सिमट कर रह जाता है।

## मदनपुर गांव में भीषण अगलगी, पांच परिवारों के घर जलकर राख, शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की संपत्ति स्वाहा; दमकल और ग्रामीणों की मदद से पाया गया काबू

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा।** बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलहवा मदनपुर पंचायत के मदनपुर गांव में रविवार की भोर में भीषण आग लगने से पांच परिवारों के फूस के घर एवं घरेलू सामान जलकर राख हो गए। घटना में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी। तेज हवा के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के घरों तक फैल गई। अगलगी की चपेट में भटुमन साहनी, झुलरी देवी, संवरी देवी, प्रेमशिला देवी तथा अविता देवी के घर आ गए। घटना की सूचना मिलते ही बगहा अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने एक छोटी और एक बड़ी दमकल गाड़ी की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में भरपूर सहयोग किया, जिसके कारण आग को और अधिक फैलने से रोका जा सका। अगलगी की घटना में घरों में रखे अनाज, कपड़े, बर्तन, फर्नीचर, आवश्यक दस्तावेज तथा अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। पीड़ित परिवारों ने बताया कि उनकी वर्षों की जमा-पूंजी पलभर में राख हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। साथ ही प्रभावित परिवारों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग की है।

## बगहा में वन विभाग की छापेमारी, संदिग्ध हिरण का पका मांस बरामद; एक गिरफ्तार, शास्त्रीनगर के रखई टोला में कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा (पश्चिमी चंपारण)।** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नगर के शास्त्रीनगर मोहल्ला स्थित रखई टोला में छापेमारी कर करीब चार किलो संदिग्ध वन्यजीव (संभावित हिरण) का पका हुआ मांस बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। बरामद सामग्री को जब्त कर वन विभाग ने मामले की जांच तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार वन विभाग को सूचना मिली थी कि गंडक दियारा क्षेत्र में किसी वन्यजीव का शिकार किए जाने के बाद उसका मांस पकाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद वन विभाग की टीम ने शास्त्रीनगर के रखई टोला में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक घर से करीब चार किलो पका हुआ मांस तथा चावल बरामद किया गया। मौके से रखई टोला निवासी नेक मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया। बगहा वन क्षेत्र पदाधिकारी श्रीमान मालाकार ने बताया कि बरामद मांस के संबंध में गृहस्वामी से पूछताछ की गई, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि बरामद मांस किसी वन्यजीव, संभवतः हिरण का हो सकता है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। वन विभाग के अधिकारियों ने बरामद मांस को जब्त कर उसका नमूना सुरक्षित रखा है। नमूने को वैज्ञानिक परीक्षण के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर यह स्पष्ट होगा कि बरामद मांस किस जानवर का है और क्या उसका संबंध किसी संरक्षित वन्यजीव से है।

वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यदि जांच में यह साबित होता है कि बरामद मांस किसी संरक्षित वन्यजीव का है, तो आरोपित के खिलाफ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद वन विभाग ने गंडक दियारा क्षेत्र एवं आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि वन्यजीवों के शिकार और अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फिलहाल गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है तथा मामले के विभिन्न पहलुओं की जांच जारी है।

# मोतिहारी : पीएम सूर्य घर योजना के तहत पूर्वी चम्पारण के 13,167 लोगों के घरों पर लगेंगे नि:शुल्क सोलर पैनल

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो प्रमुख शशिकांत मोतिहारी**
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पूर्वी चंपारण जिले के 13,167 उपभोक्ताओं को निःशुल्क सोलर पैनल का लाभ मिलेगा। बिहार सरकार द्वारा संचालित यूएलए (यूएलए) परियोजना का शुभारंभ रविवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर राज्यभर में लगभग 1,512 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे 2.5 लाख कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जाएगा। योजना के प्रथम चरण में पूर्वी चंपारण के चयनित लाभुकों के घरों पर मुफ्त सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध होगी तथा बिजली बिल के खर्च में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही यह पहल राज्य में अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। मोतिहारी के राजेंद्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिन्हा सहित जिले के जनप्रतिनिधि एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार श्रीवास्तव, मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, हरसिद्धि विधायक कृष्णनंदन पासवान, मधुबन विधायक राणा रणधीर, पिपरा विधायक श्याम बाबू प्रसाद यादव, गोविंदगंज विधायक राजू तिवारी, चिरैया विधायक लालबाबू प्रसाद गुप्ता तथा कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने भाग लिया। विद्युत विभाग की ओर से अधीक्षण अभियंता राकेश रौशन, अधीक्षण अभियंता वरुण कुमार सहित विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता, सहायक विद्युत अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद रहे। कार्यक्रम में करीब 100 लाभुकों ने भी भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना न केवल उपभोक्ताओं को बिजली खर्च से राहत देगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाएगी। इस योजना से हजारों परिवारों के जीवन स्तर में सुधार आने के साथ-साथ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी।

## नेपाल के विराटनगर में प्रिंस यादव की संदिग्ध मौत, धमसैना गांव में पसरा मातम

लोकतंत्र की आवाज



**अमित कुमार ।**
**सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता।**
ज्ञान बिंदु एकेडमी, पटना के डायरेक्टर रौशन आनंद के भाई प्रिंस यादव की नेपाल के विराटनगर में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना मिलने के बाद सहरसा जिले के सौर बाजार प्रखंड अंतर्गत उनके पैतृक गांव धमसैना में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्यों के अनुसार प्रिंस यादव की मौत की जानकारी सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से मिली। हालांकि मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है। बताया जा रहा है कि नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में उनकी संदिग्ध मौत हुई है। मृतक के चाचा मनोज कुमार, संतोष कुमार एवं राजीव कुमार ने बताया कि परिवार को घटना की आधिकारिक जानकारी का इंतजार है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराने की मांग की है ताकि मौत के पीछे की वास्तविक वजह सामने आ सके। घटना की सूचना मिलने के बाद परिवार के कई सदस्य एवं गांव के लोग नेपाल के लिए रवाना हो गए हैं। बताया जा रहा है कि स्थानीय पुलिस होटल में मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है तथा मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार पटना में चर्चित कोचिंग विवाद के बाद प्रिंस यादव नेपाल चले गए थे। इसी बीच उनके परिवार में 29 जून को चचेरी बहन की शादी होने वाली थी और तैयारियां जोरों पर चल रही थीं। लेकिन इस दुखद घटना के बाद पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल गई हैं। परिजनों ने शादी समारोह को भी फिलहाल स्थगित कर दिया है। गौरतलब है कि खान ग्लोबल कोचिंग और ज्ञान बिंदु एकेडमी के बीच चल रहे विवाद के बीच यह घटना सामने आई है। हालांकि प्रिंस यादव की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मिनिमम एक्सन प्लान के अंतर्गत इरा प्रेप पब्लिक स्कूल मोतिहारी में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्वी चम्पारण द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ''जागृति योजना'' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर ''सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य'' तथा ''वरिष्ठजन सशक्तिकरण और गरिमा'' जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष चर्चा की गई। बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से अवगत कराया गया।कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता दक्ष कायस्थ, टाउन थाना के एसआई चंदन कुमार, पैरा लीगल वॉलेंटियर (पीएभी) सिद्धांत कुमार, डॉ. प्रगति (बाल रोग विशेषज्ञ) एवं विद्यालय के निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि विधिक जानकारी ही सशक्त समाज की नींव है। बच्चों को एनएएलएसए की विभिन्न योजनाओं, विशेष रूप से जागृति योजना के अंतर्गत उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सहायता, हेल्पलाइन सेवाओं तथा सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रशासन एवं प्रतिभागियों ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी एवं आवश्यक बताया।

### फरार वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** सिरदला थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में कार्रवाई करते हुए एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। अपर थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव निवासी चंद्रिका प्रसाद के पुत्र दिनेश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना एवं वारंट के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे व्यवहार न्यायालय, नवादा में प्रस्तुत करने के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान लगातार जारी है।

### औरंगाबाद - गोह में इंडेन गैस एजेंसी गोदाम से 13 सिलेंडर हुई चोरी, प्राथमिक दर्ज

**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**
**गोह(औरंगाबाद)** गोह थाना क्षेत्र के गयाजी-दाउदनगर ट्ल120 मुख्य पथ पर स्थित माँ मुंडेश्वरी इंडेन गैस एजेंसी के गोदाम में अज्ञात चोरों ने 10 सिलेंडर व 3 खाली सिलेंडर चोरी कर लिया। चोरों ने शनिवार की देर रात एजेंसी के गोदाम के दरवाजे का ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। इस घटना की जानकारी रविवार की सुबह गैस एजेंसी के संचालक गोह निवासी भीम कुमार रजक को मिला। सुबह में जब गोदाम के कर्मी गोदाम पर पहुंचे तो देखा कि गोदाम के मेन गेट का ताला कटा हुआ है और चोरों ने चोरी कर पुनः नया ताला गेट में जड़ दिया है। इस संबंध में संचालक द्वारा रविवार की शाम करीब 4 बजे गोह थाना में अज्ञात चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। घटना की सूचना मिलते ही गोह थानाध्यक्ष राजीव कुमार गैस गोदाम पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। उन्होंने बताया कि मामले की विभिन्न बिंदुओं पर गहन छानबीन की जा रही है। इधर, घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच सिलेंडर की चोरी का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों में इस चोरी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

### दादर गांव में दलपति और ग्राम रक्षा दल का प्रशिक्षण प्रारंभ

**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर,**
गोह (औरंगाबाद) प्रखंड के चापुक पंचायत अंतर्गत दादर गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के परिसर में बिहार राज्य दलपति एवं ग्राम रक्षा दल महासंघ के तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी अध्यक्षता महामंत्री रविरंजन कुमार ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन चापुक पंचायत के मुखिया अशोक मिस्त्री ने किया। उद्घाटन समारोह में उन्होंने ग्राम रक्षा दल के हक और अधिकारों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर दल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ये दल शांति बनाए रखने, चोरी, डकैती,आगलगी, बाढ़, दहेज प्रथा,बाल विवाह,व शराब बंदी से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश महामंत्री ने बताया कि ग्राम रक्षा दल का प्रशिक्षण अपने पंचायतों में अधिकारियों की उपस्थिति में किया जाएगा। उन्होंने ग्राम रक्षा दल को सरकारी बनाने के लिए संघर्ष जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# गया जिला तैलिक साहु समाज जिलाअध्यक्ष अजय साव के नेतृत्व में प्रवेश महामंत्री नितिन अभिषेक एवं प्रदेश मंत्री सुषमा साहू का भव्य अभिन्नदन किया गया

## तैलिक साहु समाज को एकजुट होकर आगे बढने की कही बात : सुषमा साहू







**लोकतंत्र की आवाज**

**गया।** गया शहर के टेकारी रोड स्थित तैलिक भवन टेकारी रोड में गया जिला तैलिक साहू सभा के बैनर तले भाजपा बिहार प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक एवं प्रदेश मंत्री सुषमा साहू एवं नवादा जिलाई भाजपा महामंत्री अरविंद कुमार गुप्ता का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया है।इस कार्यक्रम कि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय साव ने किया वही मंच का संचालन जियालाल, बिहार प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य छोटन साव द्वारा किया गया है।इस कार्यक्रम का नेतृत्व तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार साहू ने किया। समारोह में समाज के वरिष्ठ नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया है। इस अवसर पर नितिन अभिषेक और सुषमा साहू को फूल-माला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया है। इस समारोह में समाज के लोगों ने दोनों नेताओं को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं है। वही मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री नितिन अभिषेक ने कहा कि भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश महामंत्री तथा सुषमा साहू को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी खुशी में समाज के लोगों द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उनका मुख्य लक्ष्य संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाना है। मगध और शाहाबाद क्षेत्र के प्रभारी बनाए जाने तथा तैलिक साहू समाज की राजनीतिक भागीदारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक मजबूत और संगठित पार्टी है, जो सभी वर्गों और समाजों का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के बाद आगे की राजनीतिक रणनीति तय की जाएगी।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पर बोलते हुए नितिन अभिषेक ने कहा कि ₹12 साल बेमिसाल₹ अभियान के तहत सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को लेकर पूरे प्रदेश में कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा संगठन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अभियान पूरी तरह सफल होगा।

वहीं गया जिला तैलिक साहू सभा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार साहू ने कहा कि समाज के गौरव नितिन अभिषेक और सुषमा साहू के सम्मान में यह स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने जिले के सभी प्रखंडों से आए समाज के लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि तैलिक साहू समाज को संगठित और जागरूक बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। समाज के युवाओं और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने की दिशा में भी काम किया जा रहा है। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोग, पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान दोनों नेताओं के सम्मान में जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया गया है। अपने संबोधन में वक्ताओं ने नितिन अभिषेक एवं सुषमा साहू, नवादा जिला भाजपा महामंत्री अरविन्द कुमार गुप्ता को नई जिम्मेदारियों के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं एवं समाज एवं संगठन के हित में उनके योगदान की सराहना की है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बोधगया प्रमुख गुड़िया देवी, संरक्षक दुर्गा प्रसाद जी, सचिव रंजीत कुमार जी, उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार जी, गोपाल प्रसाद जी, संगठन मंत्री श्रवण कुमार जी, उमेश प्रसाद जी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार जी, महिला अध्यक्ष पुष्पा देवी जी, युवा अध्यक्ष गुड्डू साव , रामप्रवेश जी, दिनेश जी सहित गया जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष एवं अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## सिरदला : लक्ष्मी बीघा में मारपीट, महिला समेत तीन घायल

**लोकतंत्र की आवाज**



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**
**सिरदला (नवादा)।** परना डाबर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी बीघा गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान गांव निवासी सविता देवी, काजल कुमारी एवं अंजली कुमारी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हुआ, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में तीनों लोग घायल हो गए। परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि सभी की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर है। बताया जाता है कि घटना का कारण बधना (पशु बांधने के स्थान) रखने को लेकर उत्पन्न विवाद है। घटना की सूचना परना डाबर थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा दोनों पक्षों से पूछताछ कर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## भागलपुर में बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा ने की प्रेस वार्ता

**लोकतन्त्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय।**
**भागलपुर। भागलपुर।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग सह सूचना प्रावैधिकी विभाग के मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने भागलपुर में आयोजित एक विशेष प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को विकास, विश्वास और जनकल्याण का एक ऐतिहासिक सफर बताया । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों की इस यात्रा ने न सिर्फ विकसित भारत के संकल्प को मजबूत किया है बल्कि बिहार की तस्वीर को भी संवारने का काम किया है। नीतीश मिश्रा ने कहा कि 10 जून को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के सबसे लंबे समय तक (4399 दिन) लगातार सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार की सबसे बड़ी ताकत जनता का अटूट विश्वास और शत-प्रतिशत लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने का सेवा भाव है । प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री नीतीश मिश्रा ने आंकड़ों के साथ केंद्र और राज्य की डबल-इंजन सरकार के साझा प्रयासों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से 2024 के बीच बिहार को ₹9.23 लाख करोड़ की केंद्रीय सहायता और योजनाएं प्राप्त हुई हैं जो यूपीए (वढअ) शासनकाल की तुलना में 4 गुना अधिक है। वर्तमान में बिहार सरकार का कुल बजट ₹3.47 लाख करोड़ है, इसमें भारत सरकार का काफी बड़ा योगदान राज्य को प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2015 में घोषित ₹1 लाख 25 हजार करोड़ के ऐतिहासिक पीएम पैकेज में से ₹54 हजार 7 सौ करोड़ रुपये केवल सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए दिए गए थे ।

श्री नीतीश मिश्रा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि विकास ही आज की सरकार की कार्यसंस्कृति बन चुकी है और यह साझा विकास यात्रा बिहार को विकसित बनाने तक निरंतर जारी रहेगी । भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार,प्रदेश महामंत्री डॉ प्रीति शेखर,जिला महामंत्री नितेश सिंह,राजीव मुन्ना, स्वेता सिंह,बंटी यादव,जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी, वंदना तिवारी, विकास कर्ण,जिला सोशल मीडिया संयोजक विनीत भगत,पंकज गुप्ता,रामनाथ पासवान आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ हुए।

## बिहार प्रदेश बरनवाल महासभा द्वारा आयोजित राजनीतिक प्रतिनिधि सम्मेलन में गया जिला मे काफी संख्या में समाज के लोग होंगे शामिल : राजू वर्णवाल

**लोकतंत्र की आवाज**



**गया।** बिहार प्रदेश बरनवाल वैश्य महासभा द्वारा आगामी 20 दिसंबर 2026 को पाटलिपुत्र की ऐतिहासिक धरती में मिलर हाई स्कूल पटना के प्रांगण में पूरे बिहार प्रदेश के सभी बरनवाल परिवार का एक भव्य एवं विशाल बरनवाल राजनीतिक प्रतिनिधि सम्मेलन करने हेतु आज गया स्थित स्वराजपुरी रोड में, हमारी मौजूदगी में एक बैठक आहूत की गई है, इस बैठक की अध्यक्षता डॉ. विनोद बरनवाल के द्वारा की गई,इस बैठक में समाज के 400 से अधिक लोग शामिल हुए, सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि राजनीति में भागीदारी और हम जिस समाज में हैं उस समाज को ओबीसी में शामिल करना और 1947 के बाद हमारा समाज गोली और गाली दोनों खाते रहे हैं, जब से डबल इंजन की सरकार बिहार में आई है तब से थोड़ी हम लोगों के साथ में सुविधा हुई है लेकिन हमें राजनीति में भागीदारी चाहिए, ओबीसी में हमारे परिवार के लोगों को सरकार के द्वारा जांच दल कमेटी बनाकर सरकार इसे ओबीसी में शामिल करना है, इस कार्यक्रम को संबोधित कर हमने कहा कि 20 दिसंबर 2026 को प्रायोजित कार्यक्रम मिलर हाई स्कूल पटना के प्रांगण में बरनवाल समाज जो 38 जिलों से लगभग 50000 की संख्या में आकर कार्यक्रम में ताकत झोकेंगें, इसकी व्यवस्था के लिए आज की बैठक अहम रूप से रखी गई है और इस बैठक के बाद बिहार के 38 जिलों में लगातार बैठक कर समाज के सभी लोगों को आवाहन कर सहज और सजगता के साथ सभी लोग मजबूती से 20 दिसंबर 2026 के बरनवाल राजनीतिक प्रतिनिधि सम्मेलन के सफल कार्यक्रम की तैयारी के लिए समाज के सभी जनों से आग्रह कियें है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायण बरनवाल, कंचन बरनवाल, महेंद्र प्रसाद बरनवाल, निरंजन बरनवाल, संगीता बरनवाल, ममता बरनवाल, विक्की बरनवाल, राकेश बरनवाल, पवन बरनवाल, नीरज बरनवाल, प्रशांत बरनवाल, सुबोध कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, मनोज बरनवाल, शिवनाथ बरनवाल सहित मंच पर सम्मानित साथियों की मौजूदगी रही है।

## बिहपुर : थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर साधा निशाना

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** नवगछिया पुलिस जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शेख हसबुल एवं ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव सह कांग्रेस नेता पंकज कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करना तथा हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाना केवल दिखावा प्रतीत होता है। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन की सरकार होने तथा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले जनप्रतिनिधियों के मंत्री पद पर रहने के बावजूद थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। आज तक सीमांचल गरीब रथ एक्सप्रेस तथा जम्मू तवी जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों का नियमित ठहराव सुनिश्चित नहीं कराया जा सका है। वहीं, ग्रीष्मकालीन विशेष (समर स्पेशल) लंबी दूरी की ट्रेनों का भी स्टेशन पर ठहराव नहीं हो सका, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की मूल समस्याओं का समाधान करने के बजाय केवल फोटो खिंचवाने और प्रचार-प्रसार पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेशन क्षेत्र में प्रस्तावित ओवरब्रिज का कार्य वर्षों से केवल कागजों और प्रक्रियाओं तक सीमित दिखाई दे रहा है। वहीं, पुराने ओवरब्रिज की मरम्मत और रखरखाव की दिशा में भी कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक और वर्तमान विधायक, दोनों ही मंत्री पद पर रहने के बावजूद थाना बिहपुर रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कोई ठोस एवं परिणामकारी योजना लागू नहीं कर सके हैं। क्षेत्र की जनता लंबे समय से रेलवे सुविधाओं के विस्तार, नई ट्रेनों के ठहराव, बेहतर यात्री सुविधाओं तथा आधारभूत संरचनाओं के विकास की मांग कर रही है, लेकिन इन मांगों की लगातार उपेक्षा की जा रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि एक ओर सरकार ₹12 साल बेमिसाल₹ का जश्न मना रही है, जबकि दूसरी ओर आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और बुनियादी सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन धर्म का विरोध करने वालों के खिलाफ ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। अंत में उन्होंने कहा कि जनता अब केवल घोषणाओं और दिखावटी कार्यक्रमों से संतुष्ट नहीं होगी, बल्कि विकास कार्यों के वास्तविक परिणाम चाहती है। क्षेत्र के लोगों के हितों की अनदेखी करना जनभावनाओं के साथ विश्वासघात के समान है।

# औरंगाबाद : गोह में एनएच अतिक्रमण हुआ विफल, सड़क जाम की समस्या से जूझ रहे हैं ग्रामीण

**लोकतंत्र की आवाज**



**श्रवण कुमार प्रखंड संवाददाता गोह,**
गोह (औरंगाबाद)गोह प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों आम जनता प्रतिदिन भीषण जाम की समस्या से जूझ रही है।गया-दाउदनगर मुख्य मार्ग एन एच 120 पर भारी और बड़े वाहनों के अनियंत्रित परिचालन के कारण गोह बाजार पूरी तरह से रेंगने को मजबूर है। स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि लोगों का सड़क पर पैदल चलना भी दूभर हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है कि अभी महज तीन दिन पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग एन एच प्राधिकरण द्वारा गोह चौक से लेकर सब्जी मंडी तक भारी सुरक्षा के बीच अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन को लगा था कि इससे जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात रहा। अतिक्रमण हटने के बाद भी गोह बाजार को जाम की मार से मुक्ति नहीं मिल सकी।

**तेज रफ्तार हाईवा बन रहे 'यमराज', स्कूली बच्चे परेशान:** ग्रामीणों का कहना है कि इस मार्ग पर चौबीसों घंटे तेज गति से दौड़ने वाले हाईवा और भारी ट्रक आए दिन सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं। इन हादसों में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को झेलनी पड़ रही है। स्कूल एवं कोचिंग आने-जाने के समय भारी वाहनों के खौफ और जाम के कारण बच्चे समय पर स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं, साथ ही हमेशा किसी अनहोनी का डर बना रहता है। स्थानीय ग्रामीण जेपी सेनानी अरविंद पाण्डेय, विंदेश्वरी शर्मा, प्रेमचंद तिवारी, वंशी प्रसाद गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि प्रशासन ने अतिक्रमण तो हटा दिया। लेकिन असली समस्या इन अनियंत्रित भारी वाहनों की है। जब तक गोह बाजार में नो-एंट्री का बोर्ड नहीं लगेगा और ट्रकों के आने-जाने का समय तय नहीं होगा, तब तक न तो जाम खत्म होगा और न ही सड़क हादसों में मौतों का सिलसिला थमेगा। इसलिए जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों को अविलंब ठोस कदम उठाने की जरूरत है। अन्यथा ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए फिर बाध्य होंगे।

## स्वराज पार्टी लोकतांत्रिक का 12वां स्थापना दिवस सह वार्षिक अधिवेशन संपन्न

**लोकतंत्र की आवाज**




**अभिमन्यु कुमार प्रखंड संवाददाता दाऊदनगर ओबरा**
**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव नारायण मैरेज हॉल में रविवार को स्वराज पार्टी लोकतांत्रिक का 12वां स्थापना दिवस सह वार्षिक अधिवेशन धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के संगठन विस्तार, जनहित के मुद्दों तथा आगामी राजनीतिक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश ने कहा कि स्वराज पार्टी लोकतांत्रिक आम जनता के अधिकारों, सामाजिक न्याय एवं विकास के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्षरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मण यादव, औरंगाबाद जिला अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, गया जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, नालंदा जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। अधिवेशन में ओबरा प्रखंड अध्यक्ष कुमुद रंजन, पूर्व मुखिया अशोक यादव, विजय मेहता, वीरेंद्र प्रसाद, अखिलेश्वर यादव लक्ष्मण पासवान ,रामबचन सिंह अजय कुमार ,अक्षय कुमार ,समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती एवं आगामी दिनों में जनसंपर्क अभियान चलाने के संकल्प के साथ हुआ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विष्णुगढ भाकपा माले ने कॉ नागेश्वर मंडल का 14 वां स्मृति दिवस मनाया



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)। भाकपा माले के दिवंगत वरिष्ठ नेता नागेश्वर प्रसाद मंडल का 14 वां स्मृति दिवस रविवार को बरॉय गॉव के अम्बेडकरनगर (हरिजन – टोला) स्थित सामुदायिक भवन में मनाया गया ।सर्वप्रथम कॉमरेड नागेश्वर मंडल की याद में एक मिनट का मौन रखा गया एवम उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प को दोहराया गया साथ हीं उनके छाया चित्र पर बारी–बारी से माल्यार्पण किया गया। उक्त स्मृति दिवस पर बोलते हुए भाकपा माले विष्णुगढ़ प्रखण्ड सचिव घनश्याम पाठक ने कहा कि नागेश्वर मंडल हमेशा से सामाजिक–राजनीतिक कार्यों में बढकर आगे रहते थे। उन्होंने कहा की बरॉय–नउवाडीह समेत आस–पास के इलाकों में एक दौर में ग्रामीण गरीबों,कमजोरों और वंचितों को गोलबंद व संगठित करने में उनकी अग्रणी भूमिका रही है ।आज हमलोग 14 वाँ शहादत दिवस मना रहें हैं कार्यक्रम में उपस्थित जिला कमेटी सदस्य जानकी शर्मा मुखिया राजेंद्र प्रसाद पंचायत समिति सदस्य मनोज मंडल रामेश्वर रविदास महादेव मंडल लखन मंडल विनय मंडल विवेक मंडल रोहित मंडल गुल्ली सिंह अजीत मंडल प्रीतम महतो जयचंद रविदास अजीत मंडल उदय मंडल समेत सैकडों कि संख्या मे उपस्थित हुए।

### धनबाद के कोयला नगर मै अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग 2026 में बेटियों ने दिखाई रफ्तार



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता । धनबाद के कोयला नगर में रविवार को आयोजित अस्मिता साइक्लिंग सिटी लीग 2026 में जिले की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, साहस और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। खेल मंत्रालय और अस्मिता खेलो इंडिया अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर साइक्लिंग के प्रति अपने उत्साह का परिचय दिया ।प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर और सीनियर दो वर्गों में किया गया था। दोनों वर्गों में प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। निर्धारित मार्ग पर हरी झंडी मिलते ही प्रतिभागियों ने तेज गति और संतुलन के साथ दौड़ शुरू की, जिससे पूरे आयोजन में रोमांच का माहौल बना रहा ।कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने छात्राओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। धनबाद डिस्ट्रिक्ट साइक्लिंग एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट भवानी बंगोपाध्याय ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बेटियों को साइक्लिंग और अन्य खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना है, ताकि वे भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। आयोजकों ने कहा कि जमीनी स्तर पर आयोजित ऐसे खेल कार्यक्रम नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ–साथ खेल संस्कृति को भी मजबूत करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।

### धनबाद : जिले में एक डिजिटल व 10 स्मार्ट लाइब्रेरी खुलेंगी- डीसी



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता। धनबाद को शिक्षा व ज्ञान के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है. सिम्फर ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित १पुस्तकालय से समाज तक एक पहल१ कार्यक्रम में डीसी आदित्य रंजन ने जिले में 10 मॉडर्न स्मार्ट लाइब्रेरी और एक अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी खोलने की घोषणा की .इस घोषणा से विद्यार्थियों, शोधार्थियों और पुस्तक प्रेमियों में उत्साह है .केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन व स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं, शिक्षाविद और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे. डीसी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के सामने ध्यान भटकाने वाले कई माध्यम मौजूद हैं. लेकिन ज्ञान, व्यक्तित्व विकास और सफलता का सबसे सशक्त साधन पुस्तकें ही हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से पुस्तकालयों का अधिकाधिक उपयोग करने और नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने का आह्वान किया. सिम्फर के निदेशक प्रोफेसर एके मिश्रा ने कहा कि पुस्तकें सबसे अच्छी मित्र होती हैं. उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया पर उपलब्ध भ्रामक और अपुष्ट जानकारियों से बचते हुए पुस्तकालयों और प्रमाणिक पुस्तकों से ज्ञान अर्जित करने की सलाह दी.अधिकारियों ने बताया कि मास्टर सोबरन मांझी राज्य पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है जहां एक साथ 300 लोगों के बैठकर अध्ययन करने की व्यवस्था है. पुस्तकालय में 57 हजार से अधिक पुस्तकें हैं. इसके अलावा वाई–फाई, सीसीटीवी निगरानी और अन्य आधुनिक संसाधनों की भी व्यवस्था की गई है जिससे पाठकों को बेहतर वातावरण मिल सके.

### धनबाद महुदा के कुलटांड़ में झाड़ियों से बरामद हुआ 63 वर्षीय हलीम शेख का शव

लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ,पप्पु गुप्ता। महुदा थाना क्षेत्र के कुलटांड़ बस्ती मार्ग पर शनिवार सुबह झाड़ियों में एक व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की गला आधा कटा हुआ पाया गया, जिससे प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों ने झाड़ियों में शव देखकर तुरंत महुदा थाना को सूचना दी। सूचना पर थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक दल–बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान तारगा पंचायत के भुरूंगिया बस्ती निवासी हलीम शेख, 63 वर्ष, के रूप में हुई है। वे महुदा बाजार में एक बक्सा दुकान में काम करते थे। घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा डीएसपी अजित कुमार विमल भी महुदा थाना पहुंचे और जांच की निगरानी की। डीएसपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला है। मृतक के मोबाइल और आसपास के सीसीटीवी की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा ।शव मिलने की खबर फैलते ही मृतक के गांव के लोग महुदा थाना पहुंचकर हंगामा किया।

# हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा में मौसम के साथ ही बदलती है बिजली व्यवस्था, गर्मी में बढ़ती है परेशानी

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**हंटरगंज।** प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था वर्षों से एक ऐसी समस्या बनी हुई है, जो मौसम के साथ अपना रूप बदल लेती है। जैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होता है, क्षेत्र में लो वोल्टेज, बार-बार बिजली कटौती और अनियमित आपूर्ति की शिकायतें बढ़ने लगती हैं। वहीं बारिश और ठंड का मौसम आते ही बिजली व्यवस्था में सुधार देखने को मिलता है और आपूर्ति अपेक्षाकृत नियमित हो जाती है। इस स्थिति ने ग्रामीणों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर मौसम बदलते ही बिजली की स्थिति में इतना बड़ा अंतर क्यों आ जाता है।

गर्मी के दिनों में हंटरगंज पाण्डेयपुरा आस पास के क्षेत्र के लोगों को सबसे अधिक परेशानी कम वोल्टेज की समस्या से होती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार बिजली रहने के बावजूद उसका उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वोल्टेज इतना कम रहता है कि पंखे धीमी गति से चलते हैं, पानी की मोटर काम नहीं करती और अन्य घरेलू उपकरण भी प्रभावित होते हैं। भीषण गर्मी के दौरान यह समस्या लोगों की परेशानी को और बढ़ा देती है। दिन में गर्म हवाओं और रात में उमस के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है, लेकिन आपूर्ति और व्यवस्था उसी अनुपात में मजबूत नहीं दिखाई देती। क्षेत्र में बार-बार बिजली का आना-जाना आम बात हो जाती है। कई बार घंटों तक बिजली बाधित रहने से लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित होते हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई, किसानों की सिंचाई, छोटे व्यवसायों का संचालन और घरेलू कामकाज सभी पर इसका सीधा असर पड़ता है।

ग्रामीणों के बीच एक और सवाल चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि हंटरगंज से सटे बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों, छोटे कस्बों और बड़े शहरों में गर्मी के मौसम में भी अपेक्षाकृत बेहतर और नियमित बिजली आपूर्ति देखने को मिलती है। ऐसे में ग्रामीण पूछते हैं कि यदि पड़ोसी क्षेत्रों और शहरों में भीषण गर्मी के दौरान बिजली व्यवस्था सामान्य रह सकती है, तो हमारे गांव, प्रखंड और जिले में गुणवत्तापूर्ण एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति क्यों सुनिश्चित नहीं की जा सकती? ग्रामीणों का मानना है कि बिजली सुविधा केवल शहरों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों को भी समान रूप से इसका लाभ मिलना चाहिए।

सबसे हैरानी की बात यह है कि जैसे ही मौसम ठंडा होने लगता है, वही बिजली व्यवस्था काफी हद तक सामान्य हो जाती है। लो वोल्टेज की शिकायतें कम हो जाती हैं और बिजली कटौती भी पहले की तुलना में घट जाती है। इससे ग्रामीणों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि वर्षा एवं सर्दियों में बिजली व्यवस्था सुचारु रूप से चल सकती है, तो गर्मी के मौसम में ऐसा क्यों नहीं हो पाता।

जानकारों की मानें तो गर्मी के मौसम में पंखे, कूलर, एसी और पानी की मोटरों के अधिक उपयोग के कारण बिजली की खपत अचानक बढ़ जाती है। इससे ट्रांसफार्मर और बिजली लाइनों पर अतिरिक्त भार पड़ता है। यदि किसी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता कम हो या बिजली वितरण नेटवर्क पुराना हो, तो लो वोल्टेज और बार-बार फॉल्ट जैसी समस्याएं सामने आने लगती हैं। इसके अलावा गर्मी के दौरान तेज हवाएं, पेड़ों की टहनियों का बिजली तारों से संपर्क और तकनीकी खराबियां भी बिजली आपूर्ति को प्रभावित कर सकती हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है, बल्कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में दोहराई जाती है। कई बार संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों के समक्ष समस्या उठाई गई, लेकिन स्थायी समाधान अभी तक नहीं निकल पाया है। लोगों का मानना है कि यदि समय रहते क्षेत्र की बिजली व्यवस्था का तकनीकी सर्वेक्षण किया जाए, अतिरिक्त क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएं, जर्जर लाइनों को बदला जाए तथा बढ़ती मांग के अनुरूप बिजली ढांचे को मजबूत किया जाए, तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि हंटरगंज पाण्डेयपुरा एवं आस पास के क्षेत्रों में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने के वास्तविक कारणों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही गर्मी के मौसम में बढ़ने वाली बिजली की मांग को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को हर वर्ष एक जैसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।

हंटरगंज के लोगों की सबसे बड़ी मांग यही है कि बिजली व्यवस्था मौसम के भरोसे नहीं, बल्कि मजबूत और स्थायी व्यवस्था के आधार पर संचालित हो। ग्रामीणों का सवाल है कि जब पड़ोसी क्षेत्रों, कस्बों और शहरों में गर्मी के दौरान भी सामान्य बिजली मिल सकती है, तो हंटरगंज और आसपास के ग्रामीण इलाकों को इस बुनियादी सुविधा से वंचित क्यों रखा जाए? अब लोग जवाब के साथ-साथ ठोस समाधान की भी प्रतीक्षा कर रहे हैं।

## चतरा में 'यमराज' बने गजराज; टंडवा के ढहूं गांव में आधी रात को तांडव, लापरवाह वन अध्यक्ष और एलीफेंट ड्राइव टीम को हटाने की मांग



लोकतंत्र की आवाज़
**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** जिले के टंडवा में इन दिनों जंगली हाथी ग्रामीणों के लिए 'यमराज' साबित हो रहे हैं। बीती रात करीब 1:00 बजे ढहूं गांव में एक जंगली हाथी ने घुसकर जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने कई घरों और दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया। गनीमत रही कि घर के बाहर सो रहे बुजुर्ग और अन्य ग्रामीण समय रहते भाग निकले, जिससे किसी की जान नहीं गई। लेकिन इस घटना ने वन विभाग और स्थानीय वन समिति की पोल खोलकर रख दी है। पास के जंगल से आए हाथी ने लीलू महतो, राजेंद्र महतो और नामधारी महतो के घरों व दुकानों के लोहे के शटर उखाड़ दिए। साथ ही, दो अन्य घरों की खिड़कियां तोड़कर अंदर रखा क्विंटल चावल चट कर गए। स्थानीय ग्रामीण दीपक कुमार का आरोप है कि हाथियों को खदेड़ने के लिए वन विभाग ने चार स्थानीय युवकों (शंकर, राजू, सुभाष और श्रवण) को लातेहार में विशेष ट्रेनिंग दिलाई है। लेकिन यह टीम सिर्फ हर महीने मानदेय उठाकर जेब भर रही है और मुसीबत के समय मौके पर आने से मना कर देती है। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने वन समिति के अध्यक्ष धनु महतो को फोन किया, तो उन्होंने दो टूक कह दिया कि हमें कोई मतलब नहीं है। वन विभाग की इस निष्क्रियता के कारण ग्रामीण अपनी जान जोखिम में डालकर खुद ही हाथियों से पंगा लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग की यह अनदेखी कभी भी किसी की जान ले सकती है। आक्रोशित ग्रामीणों ने अब लापरवाह वन अध्यक्ष और चारों कागजी रक्षकों को तत्काल हटाने तथा नुकसान के मुआवजे की मांग की है।

# 15 जून से 26 जून 2026 तक नशा मुक्त समाज के निर्माण को लेकर चलेगा जन जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड** (2026.06.15)। अभियान तो अभियान है भाई और किसी भी अभियान को पूरी तरह से सफल करने हेतु मन वचन एवं कर्म पर पूर्ण रूपेण आपको विश्वास करना होगा तात्पर्य इन तीनों को दिए गए नशा मुक्ति घुट्टी को तो आप अपने कर्मों के माध्यम से याद दिला सकते हैं और यदि आप इस प्रकार से लग गए तो आप सफलता के शिखर पर होंगे वैसे यहां या जानकारी आवश्यक है की सर्वप्रथम वह भी कुछ विशेष चाय पान पुड़िया के दुकानों पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है क्योंकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ गुमटी वाले अपनी गुमटी के पीछे लड़कों को वह भी ऐसे नशे की वस्तु( सिगरेट गुटका खैनी) उपलब्ध कराते हैं मानो वह खुद भी खुद से छुपा कर उनको वह वास्तु सौंप रहे हैं अब एनजीओ/ नाटक संस्थाएं तो मात्र वाल पेंटिंग्स एवं नुक्कड़ नाटक कर अपना काम पूर्ण समझती होगी लेकिन क्या स्वयं नुक्कड़ नाटक के कलाकार सभी नशा मुक्त हैं यहां पर इन सभी आधारभूत तथ्यों बातों पर ध्यान देकर इस प्रकार के नुक्कड़ नाटक का मंचन करने की अनुमति इन सबों को मिलनी चाहिए साथ ही साथ जिला प्रशासन द्वारा लड़कों को छुपकर नशा करने में मदद पहुंचाने वाले तथा कथित कुछ गुमटियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

झारखंड सरकार के गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड के निर्देशानुसार जिले में 15 जून 2026 से 26 जून 2026 तक मादक पदार्थों के दुरुपयोग के विरुद्ध विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव द्वारा पत्र प्रेषित कर सभी संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि अभियान अवधि के दौरान जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, हाट-बाजारों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, शैक्षणिक संस्थानों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। अभियान के तहत गीत-नाट्य, नुक्कड़-नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों, विशेषकर युवाओं को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि नशा उन्मूलन केवल प्रशासनिक प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव के निर्देशानुसार जिले में नशा मुक्ति एवं मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। झारखंड सरकार के RESIST (Reducing Substance Ingestion and Stopping Trafficking) अभियान के तहत आमजनों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत लोगों को बताया जा रहा है कि नशे की लत केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करती है। नशे की लत से ग्रसित व्यक्तियों में अनिद्रा, अत्यधिक या कम भूख लगना, शारीरिक कमजोरी, असामान्य व्यवहार, चिड़चिड़ापन, अवसाद, एकाग्रता में कमी तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। ऐसे संकेतों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना अत्यंत महत्वपूर्ण है। नशा मुक्ति की राह पर आगे बढ़ रहे लोगों को सहयोग, सम्मान और सकारात्मक वातावरण प्रदान करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सामाजिक समर्थन और पारिवारिक सहयोग से ऐसे व्यक्तियों का आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे सामान्य जीवन की मुख्यधारा में बेहतर तरीके से लौट पाते हैं।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक रहें तथा जरूरतमंद लोगों को उचित परामर्श एवं सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। किसी भी प्रकार की सहायता अथवा परामर्श के लिए MANAS हेल्पलाइन 1933, नशा मुक्ति टोल फ्री नंबर 14446 तथा आपातकालीन सहायता नंबर 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

## चिकित्सकीय लापरवाही से हुई महिला की मृत्यु पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने संबंधित पदाधिकारी को लगाया फटकार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने आज हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर सदर प्रखंड के चोरहेता निवासी रोहित राम के परिजनों से मुलाकात की तथा उनकी पत्नी सुषमा कुमारी के असामयिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार, गर्भावस्था के दौरान सुषमा कुमारी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों द्वारा ऑपरेशन के माध्यम से शिशु का सफलतापूर्वक जन्म कराया गया, किंतु उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने इस घटना के लिए चिकित्सकीय लापरवाही को जिम्मेदार बताया है। इस दुखद घटना पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि एक नवजात शिशु के जन्म की खुशी का पल अचानक मातम में बदल जाना अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यदि चिकित्सकीय लापरवाही के कारण यह घटना हुई है तो यह अत्यंत गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की ।प्रदीप प्रसाद ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में वे परिवार के साथ खड़े हैं तथा हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन सुविधायें एवं लाभ देने के लिए हेमन्त सरकार प्रतिबद्ध

लोकतंत्र की आवाज

### 15 को कैबिनेट में लाया जाएगा प्रस्तावः राधा कृष्ण किशोर





**रांची।** झारखंड सरकार वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन सुविधायें एवं लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध हैं. 15 जून 2026 को मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में आंदोलनकारियों को समान रूप से सम्मान पेंशन देने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहमति से लाया जाएगा. साथ ही झारखंड आंदोलनकारी के बाल ,बच्चों एवं आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने की दिशा में ठोस पहल कदमी हो चुका है. उन्होंने बताया कि क्षैतिज आरक्षण लागू करने के मामले में अब तक जो गड़बड़ियां हुई है उस पर भी संशोधन किया जाएगा एवं पैनी नजर रखी जाएगी.

श्री किशोर ने आज अशोक नगर स्थित अपने आवासीय परिसर में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के साथ सबको सम्मान पेंशन देने से संबंधित ड्राफ्टिंग तैयार करने को लेकर हुई बैठक करने के बाद उक्त बातें कहीं. मौके पर संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती सरोजिनी कच्छप,केंद्रीय सचिव दिवाकर साहू,प्रो. रतनलाल महतो, महमूद आलम,सूरज प्रसाद जायसवाल, पुनीत उरांव,दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष श्रीमती रोजलीन तिर्की प्रभारी अनथन लकड़ा, कोल्हान प्रमंडल के अध्यक्ष विश्वजीत प्रमाणिक, सह प्रभारी मिहिर तिवारी, रांची जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा उपाध्यक्ष अमर भेंगरा , विनोद महतो, मो आसिफ,हलधर महतो,खूंटी जिला अध्यक्ष विजय सिंह, भीमसेन सांगा, बोकारो जिला अध्यक्ष राजदेव महथा, चतरा जिला रामचंद्र राणा,राजू वर्मा, श्याम सुंदर राणा, धनबाद जिला अनूप कुमार शाह,हराधन मोदी, राजू खान, विक्रम यादव, मोइन अंसारी विश्वनाथ पाल दुर्योधन मंडल, गुमला जिला श्रीमती नीलू देवी लातेहार महुआटाड, राजेश लकड़ा ,रंजीत टोप्पो, पलामू से पर मंडलीय अध्यक्ष भादुल भुइयां,लोहरदगा जिला अध्यक्ष रामनंदन साहू ,हरि गोप, बुद्धेश्वर उरांव, कोडरमा जिला से संतोष सहाय, सत्यदेव राय सहित अन्य प्रमुख थे.

### झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन देने से संबंधित ड्राफ्टिंग तैयार करने को लेकर हुई बैठक

मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के समक्ष झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान सम्मान , अलग पहचान, रोजी रोजगार नियोजन की गारंटी तथा सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु दिया जाना चाहिए. राज्य में सरकार के संकल्प का पालन नहीं होना एवं सरकार के आश्वासन पर अमल नहीं होने के कारण आंदोलनकारियों की समस्या विकराल है. उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य लंबे संघर्षों और लाखों शहादतों के बाद हुआ है. झारखंड आंदोलनकारियों के ऊपर हुए शोषण, दमन, अन्याय, अत्याचार के कारण वे सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उपेक्षित एवं हाशिए पर हैं.

राज्य बनने के बाद आंदोलनकारियों एवं उसके परिवार आर्थिक ,शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास के मापदंड से 50 वर्ष पीछे चले गए हैं. आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार को आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक रूप से देश- दुनिया के मुख्य धारा से जोड़ने का दायित्व हमारे लोकप्रिय राज्य सरकार का है. सरकार न्याय के साथ सम्मान एवं समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार झारखंड आंदोलनकारियों को स्वतंत्रता सेनानियों के समक्ष दे।

# जल ही जीवन है, और जलस्रोतों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी - विधायक प्रदीप प्रसाद

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद ने आज जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वसुधा कल्याण, झील पर्यावरण समिति, भाजपा मंडल अध्यक्षगण, विधायक प्रतिनिधिगण तथा स्थानीय नागरिकों के संयुक्त सहयोग से बुढवा महादेव तालाब की व्यापक साफ-सफाई की। इस अभियान का उद्देश्य केवल तालाब की सफाई करना नहीं, बल्कि जलस्रोतों के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना भी है।

विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नदियाँ, तालाब, कुएँ और अन्य जलस्रोत हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं। इनकी स्वच्छता एवं संरक्षण से न केवल जल की उपलब्धता सुनिश्चित होती है, बल्कि भू-जल स्तर को बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण तथा पर्यावरण को संतुलित रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। यदि हम अपने जलस्रोतों को प्रदूषण और अतिक्रमण से मुक्त रखेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को भी स्वच्छ एवं सुरक्षित जल उपलब्ध हो सकेगा।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने तालाब परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दि।

इस सफाई मुहिम में वसुधा कल्याण फाउंडेशन के अंजलि नीरज, झील पर्यावरण समिति के अध्यक्ष अरूण वर्मा, सचिव शैलेश चन्द्रवंशी, दवेन्द्र जैन, हितेश रंजन, ललन ओझा, मेहूल खण्डेलवाल, कटकमसांडी पूर्वी विधायक प्रतिनिधि रामकुमार मेहता, अशोक राणा, विनोद सिहं, नगर पूर्वी विधायक प्रतिनिधि पंडल गोप, नगर पश्चिमी विधायक प्रतिनिधि सौरभ सिन्हा, सुबोध सिन्हा, दिलीप यादव, अविनाश कसेरा,दारू विधायक प्रतिनिधि दिलीप साहू, कृष्णा साहू, दिलीप यादव, पिंटू साहू, पुरुषोत्तम कुमार, ज्वाला प्रताप, बलराम शर्मा, मनोज श्रीवास्तव,रविन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष कटकमदाग विमल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सदर पूर्वी शिवपाल यादव, विधायक सोशल मीडिया प्रतिनिधि मंदीप यादव, मैनेजर प्रसाद रुचि नीरज, ललित मालवीय,प्रीत, अल्पना,कोमल,सुभाष, अनिल अमन सुजीत, विवेक सहित अन्य मौजूद रहेय।

### बाघमारा में शादी का झांसा देने वाला युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ ,पप्पु गुप्ता ।** बाघमारा थाना क्षेत्र के नदखुरकी इलाके में शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर बाघमारा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, युवती ने थाना में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके घर से कुछ दूरी पर रहने वाले मनीष कुमार यादव ने शादी का भरोसा देकर लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण किया। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी की बात रखी तो आरोपी अपने वादे से पीछे हट गया ।शिकायत के आधार पर बाघमारा थाना में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भभुआ कैमूर : चैनपुर में परिमार्जन ठप, अंचल से डीएम तक दौड़ रहे किसान



भभुआ कैमूर– चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर पंचायत के मसोई खुर्द मौजा के किसानों की जमीन का परिमार्जन नहीं हो रहा है। न ऑनलाइन और न ऑफलाइन रसीद कट रही है। 2019 के बाद से रसीद बंद है और एलपीसी भी नहीं बन रही। अंचल से डीएम तक दौड़ लगा रहे किसान निराश लौट रहे हैं।
स्थानीय किसानों की समस्या पर अधिवक्ता मंटू पाण्डेय ने कहा कि अंचल अधिकारी चैनपुर कहते हैं एडीएम साहब भभुआ जानेंगे, एडीएम कहते हैं डीएम कैमूर जानेंगे। किसानों के साथ यह मजाक बन गया है। बिहार सरकार 30 जून तक मिशन मोड में एक लाख फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य रख रही है, लेकिन मसोई खुर्द मौजा के जिन किसानों की जमीन है उनका क्या होगा।
**मृतक किसानों की जमीन पर भी संकट** : मंटू पाण्डेय ने बताया कि मसोई खुर्द मौजा में जिन किसानों के नाम से जमीन है उनकी मृत्यु हो गई है, तो चैनपुर अंचल में नाम चढ़ाने में परेशानी हो रही है। बिहार सरकार और अफसर किसान के साथ न्याय नहीं कर रहे। किसान मजाक का पात्र बन गया है। उन्होंने बिहार सरकार और कैमूर डीएम से मांग की कि चैनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर पंचायत के मसोई खुर्द मौजा में जिन किसानों की जमीन है, उनका परिमार्जन कराया जाए और ऑनलाइन या ऑफलाइन रसीद कटवाया जाए। इससे सरकार का रेवेन्यू भी बढ़ेगा और किसानों को राहत मिलेगी। अधिवक्ता ने कहा कि जिला कृषि पदाधिकारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी फार्मर आईडी बनाने को बेचैन हैं, लेकिन जिन किसानों की जमीन का रिकॉर्ड ही अपडेट नहीं है, उनके बारे में कोई नहीं सोच रहा। यह बहुत दुख की बात है।

### कांग्रेस नेता मोहन राम की पहल पर चार जन समस्याओं का समाधान शुरू



**भभुआ कैमूर**– कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व डॉ. अंबेडकर फैलोशिप सम्मान प्राप्त मोहन राम पत्रकार ने सासाराम संसदीय सुरक्षित क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद मनोज कुमार से संपर्क कर खजुरा क्षेत्र की जनहित की समस्याओं से अवगत कराया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया।
कांग्रेस नेता मोहन राम ने बताया कि खजुरा ग्राम के किसानों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर सांसद मनोज कुमार से 4 प्रमुख मांगें रखी हैं। 1. रामपुर ब्लॉक मोड़ के सामने नहर में पुल निर्माण कराया जाए। 2. रामपुर अंचल में कई माह से लंबित महादलित समाज के 03 डी जमीन के आवेदन पत्र पर कार्रवाई हो। 3. ग्राम खजुरा में सामुदायिक भवन बनाया जाए। 4. बेलान्व थाना के मझियाँव खजुरा आश्रम पर गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई 2026 को आयोजित कार्यक्रम में भाग लें।
**सांसद ने दिए निर्देश, जताई सहमति** : जनहित का ख्याल रखते हुए सांसद मनोज कुमार ने रामपुर अंचल में लंबित 03 डी जमीन के आवेदन पत्र पर शीघ्र निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी भभुआ को निर्देश दिया। बेलान्व व सरइयाँ खजुरा के बीच रामपुर ब्लॉक मोड़ के सामने नहर में पुल निर्माण हेतु कार्यपालक अभियंता सोन उच्च स्तरीय नहर को पत्र भेजा। ग्राम खजुरा में सामुदायिक भवन निर्माण पर सहमति व्यक्त की। सांसद मनोज कुमार ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई 2026 को मझियाँव खजुरा आश्रम के कार्यक्रम में शिरकत करने का आश्वासन भी दिया। मोहन राम ने कहा कि सांसद मनोज कुमार क्षेत्र की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित निर्देश देते देखे गए हैं। इस अवसर पर खजुरा निवासी जय प्रकाश पांडेय, चंदन कुमार एवं हरेराम प्रसाद उपस्थित रहे।

### बसपा ने कसी कमर, बूथ स्तर तक तैयारी

**भभुआ कैमूर** – बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में भभुआ विधानसभा के रामपुर प्रखंड मुख्यालय के बगल स्थित मंदिर में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी को मजबूती देना, हर गांव में जाकर संगठन को मजबूत करना और सेक्टर–बूथ स्तर के पदाधिकारियों को तैयार करना रहा। बैठक में पंचायत चुनाव में अधिक से अधिक मुखिया, जिला पार्षद, बीडीसी, सरपंच जिताकर आगामी लोकसभा चुनाव में सांसद जीतने और बहन जी के हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया गया। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को गांव–गांव चलकर बसपा का संदेश पहुंचाने का निर्देश दिया। बैठक में सेक्टर नंबर 01 के जोनल प्रभारी अरुण खरवार, बसपा जिलाध्यक्ष कैमूर अयोध्या कुमार, जिला महासचिव बबुआ राम, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिक्रमा खरवार, भभुआ विधानसभा अध्यक्ष पितामबर कुमार, रामपुर प्रखंड अध्यक्ष ईश्वर दयाल राम, बसपा नेता राम आशीष राम, प्रियांशु कुमार, राजनाथ राम, प्रखंड महासचिव धर्मेंद्र कुमार, सेक्टर अध्यक्ष दिलीप कुमार, सेक्टर अध्यक्ष तेजनरायण राम, कन्हैया राम, राजू राम, बिक्रमा राम, रामेश्वर राम, विजय राम, रितु कुमार, सिकंदर भारती, कृष्ण राम, पप्पू राम, रविंद्र शर्मा, शम्भू खरवार, अरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में बसपा समर्थक उपस्थित रहे।

# मोहनिया में खाकी बेअसर, अपराधियों का तांडव जारी, बहुआरा में आभूषण दुकान से लाखों रुपए के सोने चांदी के आभूषण और नगद की लूट

## फायरिंग कर भागे बेखौफ बदमाश, जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



**मोहनिया।** थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पिछले कुछ दिनों से इलाके में आपराधिक घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसने स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी और गश्त दावों की पोल खोल कर रख दी है। ताजा सनसनीखेज मामला मोहनिया थाना क्षेत्र के बहुआरा का है, जहां बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार आशुतोष कुमार ने बताया कि दोपहर वह अपनी दुकान 'खुशबू अलंकार ज्वेलर्स' पर मौजूद थे। तभी एक अपाची बाइक पर सवार होकर तीन हथियारबंद अपराधी वहां पहुंचे। पहले एक बदमाश ने लॉकेट देखने के बहाने दुकान में प्रवेश किया। जैसे ही आशुतोष ने अलमारी खोली, बाकी दो अपराधी भी दुकान के भीतर घुस आए और सीधे आशुतोष पर कट्टा तान दिया। अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर दुकान में रखे सोने-चांदी के गहने (झुमका, बाली, बिछिया) और करीब 40-45 हजार रुपये नकद समेट लिए। लूटे गए सामान की कुल कीमत 25 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। लूटपाट के बाद जब पीड़ित ने अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने दहशत फैलाने के लिए एक राउंड हवाई फायरिंग की और काले रंग की अपाचे बाइक से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए कैमूर एसपी, मोहनिया एसडीपीओ और मोहनिया थानाध्यक्ष दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है, लेकिन इस घटना ने स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। लगातार बढ़ती वारदातों से साफ है कि अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है। मोहनिया एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने बताया कि मोहनिया थाना क्षेत्र के बहुआरा में सोने



चांदी के जेवरात की दुकान से लूट हुई है, जिसका कीमत 20 लाख रुपए के लगभग बताया जा रहा है। तीन की संख्या में अपराधी होने और फायरिंग करने की बात सामने आई है पुलिस जांच कर रही है।

# गुमशुदा बच्चे को पुलिस ने परिजनों को सकुशल सौपा




लोकतंत्र की आवाज

**दुर्गावती।** स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो दिन पूर्व भटकते हुए मिले एक छह वर्षीय बालक को उसके परिजनों से मिलाकर मानवता और तत्परता का परिचय दिया। पुलिस की कोशिशों के बाद बच्चे की पहचान हुई और उसे सकुशल उसके माता-पिता के हवाले कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, बीते शुक्रवार को आदर्श नुआंव बाजार के निकट पचलिखी गांव जाने वाले मार्ग पर एक छह वर्षीय बालक भटकता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने साथ दुर्गावती थाने ले आई। पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम राम एकबाल तथा पिता का नाम लक्ष्मण यादव बताया, लेकिन वह अपने गांव का नाम नहीं बता पा रहा था। इसके बाद पुलिस लगातार बच्चे के परिजनों का पता लगाने में जुटी रही, ताकि उसे सुरक्षित उसके माता-पिता तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान पुलिस ने बच्चे की देखभाल भी की और उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा।

**पुलिस की तत्परता से मिले परिजन:** पुलिस की मेहनत रंग लाई और शनिवार की शाम बच्चे के माता-पिता दुर्गावती थाने पहुंच गए। बच्चे के पिता लक्ष्मण यादव और माता मीना देवी, जो भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के नरही गांव के निवासी हैं, अपने बेटे को सकुशल देखकर भावुक हो गए और पुलिस की सराहना की। बच्चे के पिता ने बताया कि पढ़ाई को लेकर डांट लगाने पर बच्चा नाराज होकर घर से निकल गया था। थाने में माता-पिता को देखते ही बच्चा उन्हें पहचान गया और दौड़कर उनके पास पहुंच गया। इस दौरान परिवार और पुलिसकर्मियों के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। इस संबंध में बच्चे की निगरानी कर रहे एसआई योगेन्द्र कुमार ने बताया कि थाने पहुंचे माता-पिता की पहचान सुनिश्चित करने के बाद बच्चे को उनके सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद बच्चा सकुशल अपने माता-पिता के साथ घर लौट गया।

# मोहनिया में बेखौफ अपराधी: युवक को पीटकर सड़क पर फेंका

लोकतंत्र की आवाज

**मोहनिया।** थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ताजा मामला मोहनिया थाना चांदनी चौक स्थित अंबेडकर पार्क के पीछे का है, जहाँ शनिवार की रात अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई की और फिर उसे स्कॉर्पियो गाड़ी से सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। घायल युवक की पहचान रतवार निवासी सोनू राम के रूप में हुई है, जो राजू राम का पुत्र है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अंबेडकर पार्क के पीछे अंधेरे का फायदा उठाकर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो रुकी और उसमें सवार लोगों ने युवक को तड़पती हालत में सड़क पर फेंक दिया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल, मोहनिया लाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, युवक की हालत बेहद नाजुक है। वह बेहोशी की हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन उसके सिर व शरीर पर कही भी चोटों के निशान नही हैं। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज और सीटी स्कैन के लिए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद लोगों का कहना है कि थाना क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रही है। सरेआम हुई इस वारदात ने पुलिस की मुस्तैदी की पोल खोल कर रख दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच और सीसीटीवी फुटेज खंगालने का दावा कर रही है, लेकिन अपराधियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।

# फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार, प्रसूता मौत मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

लोकतंत्र की आवाज




**मोहनिया :** थाना क्षेत्र में प्रसूता की मौत के चर्चित मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे एक फर्जी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के डेलहुंआ गांव निवासी बबन सिंह के पुत्र सरोज कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे उसके घर परसथुआ से गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहनिया थाना क्षेत्र के कौड़ीराम गांव निवासी चंदन सिंह ने मोहनिया थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उनकी गर्भवती पत्नी श्वेता कुमारी को प्रसव पीड़ा होने पर 19 अगस्त 2025 को दिन के करीब 2 बजे जय मां मुंडेश्वरी हॉस्पिटल, मोहनिया में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज शुरू हुआ। रात में स्थिति गंभीर होने पर अस्पताल के चिकित्सक ने एक अन्य डॉक्टर को बुलाया और करीब 3 बजे ऑपरेशन कर बच्चे को बाहर निकाला गया।

परिजनों के अनुसार ऑपरेशन के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव होने से श्वेता कुमारी की मौत हो गई। मृतका के पति चंदन सिंह ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा था कि उचित इलाज नहीं मिलने के कारण उनकी पत्नी की जान गई। इस मामले में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही थी। मोहनिया थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने रविवार दोपहर फोन पर बताया कि प्रसूता मौत मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# जन सुराज की मजबूती से ही होगा क्षेत्र का विकास: बंशलोचन राम, संगठन विस्तार को लेकर कुदरा के लालपुर महावीर मंदिर में हुई अहम बैठक

लोकतंत्र की आवाज



**कैमूर।** कुदरा प्रखंड के लालपुर स्थित महावीर मंदिर परिसर में रविवार को जन सुराज पार्टी के संगठन नवनिर्माण एवं विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रखंडों के भ्रमण कार्यक्रम के तहत आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता जन सुराज के कैमूर जिलाध्यक्ष बंशलोचन राम ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बंशलोचन राम ने कहा कि जन सुराज का मुख्य उद्देश्य व्यवस्था परिवर्तन और समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुँचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों और सोच को गांव-गांव और घर-घर तक पहुँचाएं, ताकि आगामी समय में एक मजबूत और पारदर्शी राजनीतिक विकल्प तैयार किया जा सके। इस मौके पर प्रदेश महासचिव हेमंत चौबे और लोकसभा प्रभारी विनोद तिवारी ने संगठन की मजबूती और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिला मुख्य प्रवक्ता डॉ. एस.एन. चौबे ने कहा कि जनता अब खोखले वादों से ऊब चुकी है और विकल्प के रूप में जन सुराज की ओर देख रही है।

**विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों ने लिया हिस्सा:** बैठक में संगठन को धार देने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्षों ने अपनी रणनीतियाँ साझा कीं। इसमें मुख्य रूप से किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष मृगेंद्र तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष इम्तियाज अहमद, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी शामिल थे। इसके अलावा वरिष्ठ नेता अनिमेष हर्षवर्धन, कृष्णा सिंह, कमलाकांत उपाध्याय और कामेश्वर तिवारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह:** कार्यक्रम में निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, टुनटुन ओझा, जनार्दन पासवान, इंद्र मानो कुशवाहा के साथ-साथ महिला नेत्री इंदु देवी और गीता देवी सहित कुदरा प्रखंड के सैकड़ों सक्रिय जन सुराजी साथियों ने भाग लिया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक सुर में संगठन को पंचायत और बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

# नीतीश-लालू ने बसपा विधायक तोड़े, दोनों का हश्र सामने

लोकतंत्र की आवाज

**कैमूर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी और सासाराम सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी संतोष कुमार ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद दोनों ने ही अतीत में अपनी सरकारें बनाने के लिए बसपा के विधायकों को तोड़ा था, जिसका हश्र आज पूरा बिहार देख रहा है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए बसपा नेता ने कांग्रेस और भाजपा दोनों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने दोनों प्रमुख राष्ट्रीय दलों की तुलना करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा की नीतियों में कोई खास अंतर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि जहां कांग्रेस ने आजादी के योगदान के नाम पर लंबे समय तक शासन किया, वहीं भाजपा वर्तमान में हिंदुत्व के नाम पर सत्ता में है, लेकिन दोनों ही दल देश को विकास की मुख्यधारा से पीछे ले गए हैं।

**शिक्षा व्यवस्था और जातिवाद पर उठाए सवाल:** केंद्र सरकार के 'विश्व गुरु' के दावे पर सवाल उठाते हुए संतोष कुमार ने कहा कि देश में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने तर्क दिया: ₹दुनिया के कई देशों में शिक्षा पूरी तरह निशुल्क है। जब तक शिक्षा को सर्वसुलभ नहीं बनाया जाएगा, तब तक देश का समग्र विकास संभव नहीं है। जब अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई के लिए भारी-भरकम पैसे खर्च करने पड़ते हैं, तो व्यवस्था में भ्रष्टाचार की गुंजाइश बढ़ती है। उन्होंने आगे कहा कि देश में वर्तमान समय में जातिवाद और धर्म की राजनीति चरम पर है। ऐसे उन्माद से भरे माहौल में देश का वास्तविक विकास और नई प्रतिभाओं का आगे आना मुश्किल है। बसपा नेता ने दावा किया कि बहुजन समाज पार्टी ही एकमात्र ऐसा विकल्प है जो समाज के सभी वर्गों के लिए न्याय और बुनियादी शिक्षा की बात करती है।



# ईसिया पैक्स चुनाव में शिव भजन प्रसाद बिंद को लगातार चौथी बार जताने का लिया संकल्प

लोकतंत्र की आवाज

भभुआ कैमूर- चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ईंसिया पैक्स समिति चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। चुनावी मैदान में दो प्रत्याशी उतरे हैं। इस बीच पंचायत के किसानों ने लगातार चौथी बार पैक्स अध्यक्ष शिव भजन प्रसाद बिंद को जिताने का संकल्प लिया है। पंचायत के किसान दीनबंधु बिंद, रंगलाल अवस्थी, रिंकू राम, लक्ष्मण बिंद, भागवत सिंह, दिलीप कुमार और शिव शंकर अवस्थी ने कहा कि शिव भजन प्रसाद की लोकप्रियता आज भी किसानों के बीच बनी हुई है। किसानों ने कहा कि शिव भजन प्रसाद जैसा जनप्रतिनिधि कोई नहीं है। उनके द्वारा पैक्स समिति का लाभ किसानों तक पहुंचाने में भरपूर मदद की जाती है। पंचायत के किसानों के सुख-दुख में भी उनकी अहम भागीदारी रहती है।

**₹ब्लैक बोर्ड छाप 2 पर मोहर लगाएंगे**

किसानों ने कहा कि इसलिए पुनः चौथी बार पंचायत के किसानों ने शिव भजन प्रसाद बिंद को अपना अध्यक्ष चुनने का निर्णय लिया है। किसानों ने अपील की कि शिव भजन प्रसाद बिंद को ब्लैक बोर्ड छाप क्रमांक संख्या 2 पर मोहर लगाकर भारी मतों से जीत दिलाना है। दूसरी तरफ शिव भजन प्रसाद भी लगातार चौथी बार चुनाव मैदान में हैं और



पंचायत के किसानों के दिल में बसे हुए हैं। किसान भी उन्हें चौथी बार अध्यक्ष बनाने के लिए कमर कसकर तैयार हैं।

# खेत बचाओ अभियान को लेकर विउरी एवं गोंई पंचायत में किसान चौपाल

**चांद।** प्रखंड में खेत बचाओ अभियान को लेकर विउरी पंचायत में शिव गांव एवं गोंई पंचायत के भटानी गांव में किसान चौपाल आयोजित किया गया। किसान चौपाल में खेत बचाने के महत्व एवं तरीका को बताया गया। किसान चौपाल में शामिल दर्जनों किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दी गई। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी राहुल यादव तकनीकी प्रबंधक आत्मा गीता कुमारी सहायक तकनीकी प्रबंधक श्रवण कुमार विश्वकर्मा एवं गौरव तिवारी ने किसानों को मिट्टी जांच एवं कम उर्वरक प्रयोग की सलाह दी। किसान चौपाल में किसानों के सवाल का जबाब दिया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी मोहनदास ने कहा धान की सीधी बुआई करने पर कृषि विभाग के द्वारा अनुदान दिया जाएगा।

# जिले में 5 से हजार अधिक किसानों पर वाडी वारंट जारी करने को लेकर किसान प्रतिनिधिमंडल सीएम से मिलेगा

लोकतंत्र की आवाज

**चांद।** 16 जून मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री कैमूर जिले मां मुण्डेश्वरी के दर्शन को लेकर आने पर सरगर्मी बढ़ी हुई है। कैमूर जिले में 4 से हजार अधिक किसानों पर वाडी वारंट किये जाने को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलेगा। जिला में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियों को लेकर हलचल तेज है। पिछले साल सदी का सबसे भंयकर बाढ़ से जुझ रहे किसानों पर केसीसी ऋण पर वाडी वारंट जारी होना किसी सदमे से कम नहीं है। पिछले साल किसानों की आधी से अधिक धान की फसल भंयकर बाढ़ में खत्म हो गई थी। बिहार सरकार ने किसानों को फसल नुकसान को देखते हुए क्षतिपूर्ति राशि किसानों के खाते में दिया। किसान धान की फसल बर्बाद होने एवं गेंहू की उत्पादन कम होने से किसानों को बड़ी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। ऐसे परिस्थिति में जिलाधिकारी के आदेश पर पांच हजार से अधिक किसानों पर निलाम पदाधिकारी के द्वारा केसीसी ऋण धारक किसानों पर वाडी वारंट कर दिया गया। किसानों किसी तरह अपनी आने वाली खेती को खड़े करने का प्रयास कर रहे हैं। वैसे समय में किसानों गलत समय में वाडी वारंट कर परेशान करना अन्नदाता के साथ अन्याय है। इस संबंध में किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के जिलाध्यक्ष विमलेश पांडेय सचिव अनिल सिंह भारतीय किसान यूनियन कैमूर के जिलाध्यक्ष ने कहा मुख्यमंत्री को आवेदन देकर जिले के 5 हजार किसानों पर वाडी वारंट को वापस लेने की मांग करेगा। किसान नेताओं ने कहा किसान केसीसी ऋण जमा करने से इंकार नहीं कर रहे हैं। उन्हें एक साल का समय दिया जाए। किसान नेताओं ने कहा चांद प्रखंड में एक दर्जन गांवों के लिए खेतों की सिंचाई करने के लिए बनरसिया माइनर का उन्मुखीकरण की मांग करेगा। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए जिला मुख्यालय एवं भाजपा जिलाध्यक्ष से समय की मांग की गई है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारतीय किसान संघ की संयुक्त बैठक में किसान हितों के मुद्दों पर चर्चा



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/टोडारायसिंह। भारतीय किसान संघ जिला टोंक की ओर से तहसील मालपुरा, उप तहसील डिग्गी और तहसील टोडारायसिंह की संयुक्त मासिक बैठक रविवार को जाट धर्मशाला डिग्गी में आयोजित हुई। बैठक में जयपुर प्रांत स्वरोजगार प्रमुख मोती सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक में जिला, तहसील और ग्राम स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों तथा किसान हितों के मुद्दों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया और अधिक से अधिक किसानों को इससे जोड़ने पर जोर दिया। साथ ही गांव-गांव में किसान संघ की समितियां बनाने और किसानों को संगठित करने की बात कही गई। बैठक में धरती, गंगा, गौ माता और गांव के संरक्षण व विकास के लिए सहयोग करने का आह्वान किया गया। किसानों की समस्याओं के समाधान, हर खेत तक रास्ता पहुंचाने तथा संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा हुई।अंत में पदाधिकारियों ने किसानों से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। इस अवसर पर टोडारायसिंह अध्यक्ष जगदीश घटाला, डिग्गी अध्यक्ष सत्यनारायण, मालपुरा अध्यक्ष गोपी गोदारा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में आने के लिए दूनी में किया प्रचार-प्रसार



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक । आगामी 25 जून 2026 को निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन, माण्डकलां नगरफोर्ट में अधिक से अधिक समाज बंधुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए दूनी क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा निमंत्रण पत्र वितरित किए गए। समिति के महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा (एडवोकेट) दूनी ने बताया कि 25 जून 2026 को होने वाले इस सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर सम्मेलन अध्यक्ष सायरलाल मंगरियाव एवं संयोजक किशन लाल कहार (व्याख्याता) सहित समिति सदस्यों ने दूनी क्षेत्र में समाज के लोगों से जनसंपर्क किया ।इस दौरान प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा चेयरमैन, मनोहर आढ़तिया, जगदीश आढ़तिया, रामलाल बलावत, रामदेव मेहरा, सत्यनारायण उटासानिया, कैलाश सहित अनेक समाज बंधुओं को सम्मेलन में पधारने हेतु निमंत्रण पत्र सौंपे गए। प्रचार-प्रसार कार्यक्रम में अध्यक्ष सायरलाल कीर, किशन लाल कहार व्याख्याता, उपाध्यक्ष गोवर्धन थली, गणपत, मोहनलाल, कचनार, रामदेव मंगरियाव, छोटूलाल, विनोद, रमेश, प्रहलाद सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

### सफलता: टोंक की जिला कलेक्टर टीना डाबी बनीं देश की सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक । फेमइंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान देश के करीब 800 जिलाधिकारियों के सर्वे के आधार पर जारी "सर्वश्रेष्ठ जिलाधिकारी 2026" सूची में टोंक जिला कलेक्टर टीना डाबी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जारी सूची के अनुसार टीना डाबी देश के टॉप-100 कलेक्टर्स में भी शामिल रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिलेभर में खुशी की लहर है। आमजन, सामाजिक संगठनों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे टोंक जिले के लिए गौरव का विषय बताया है। आईएएस टीना डाबी ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक पारदर्शिता, जनसुनवाई, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, जल संरक्षण और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कई नवाचार किए हैं, जिनकी देशभर में सराहना हो रही है। गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी टीना डाबी वर्ष 2015 की यूपीएससी परीक्षा की टॉपर भी रह चुकी हैं और देशभर में अपनी प्रशासनिक कार्यशैली के लिए पहचान रखती हैं।

# पकरीबरावा में 20 हजार खेग्रामस के सदस्य बनाने का लिया संकल्प

## बैठक कर लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय, 1 जुलाई को होगा प्रदर्शन

लोकतंत्र कीआवाज



**धर्मेंद्र कुमारशर्मा**
**पकरीबरावा।** पकरीबरावा प्रखंड स्थित भाकपा माले एवं अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा की पकरीबरावां इकाई की बैठक स्वामी सहजानन्द भवन में हुई। बैठक में 1 जुलाई को बुलडोज़र राज के खिलाफ वास - आवास बचाने एवं सरकारी जमीन पर बसे गरीबो को पर्चा की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन का निर्णय लिया गया।

ग्रामजी कानून के तहत काम दो, काम का उचित दाम दो। बुलडोज़र राज के खिलाफ वास -आवास बचाने के लिए संघर्ष तेज करो, राशन कार्ड, पेंशन, प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा, सम्मान और गरीबो के शिक्षा, स्वास्थ्य के अधिकार को बुलंद करो आदि मांगो को लेकर बैठक की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेग्रामस के प्रखंड संयोजक कामरेड महावीर मांझी ने किया। कैडर कन्वेशन को सम्बोधित करते हुए खेग्रामस जिला सचिव अजित कुमार मेहता ने कहा कि दिल्ली - पटना मे बैठी मोदी - सम्राट की सरकार मे कोई सुरक्षित नहीं है। अपराधियों के हौसला बुलंद है। बुलडोज़र राज के आतंक से सभी गरीब -दलित भयाक्रांत है। सरकार के संरक्षण मे सामंतो - अपराधियों का मनोबल सातमे आसमान पर है। कानून नाम की कोई चीज नहीं है। हत्या, बलात्कार आम घटना बन गयी है। ऐसी सरकार के खिलाफ चौतरफा आंदोलन वक़्त की मांग बन गयी है। उन्होंने कहा कि पकरीवरावा के दर्जनों गावो मे आज भी बड़े पैमाने पर गरीब दलित बिहार सरकार की जमीन पर सदियों से बसे है, लेकिन सरकार आज तक पर्चा देने मे विफल रही है। बताया गया कि इस प्रखंड मे 20 हजार खेग्रामस के सदस्य बनाने का संकल्प पार्टी कार्यकर्ताओ ने लिया और गरीब भूमिहिनो क बुनियादी सवालों को लेकर भाकपा माले और खेग्रामस के बैनर से 1 जुलाई 2026 को प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जयेगा। इस अवसर पर भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सह किसान महसभा के जिलाध्यक्ष कामरेड जगदीश प्रसाद चौहान, नंदू यादव, भोला यादव, रोशनी कुमारी, मैया दुलारी, रामनन्दन मांझी, सावो देवी, सुरेश रविदास, लक्ष्मी देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीएचसी अहिरोरी में लगा बृहद स्वास्थ्य मेला, 270 मरीजों को मिला उपचार



लोकतंत्र की आवाज

**ललित गुप्ता संवाददाता**
**हरदोई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक अहिरोरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में को बृहद स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव रंजन के निर्देशन में आयोजित इस मेले में विभिन्न स्वास्थ्य शिविर लगाकर क्षेत्रीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं ।कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने फीता काटकर किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पन्ने सिंह के पुत्र अनुभव सिंह एवं मंडल अध्यक्ष सालिकराम वर्मा मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष ने केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला ।स्वास्थ्य मेले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के लाभार्थी बच्चों एवं कुष्ठ रोगियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं एक दर्जन लोगों को निशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा टीबी रोगियों को पोषण पोटली प्रदान की गई ।मेले के दौरान 30 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और पांच पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित किए गए। इसके अलावा कुल 270 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा सीएचसी परिसर में नवनिर्मित पैथोलॉजी का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में बीसीएम अनिकेत मिश्रा, एचआरओ घनश्याम वर्मा, क्षेत्रीय प्रधान, जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## जौलान में कुएं में गिरने से किशोर की मौत

लोकतंत्र की आवाज



**जालौन।** जालौन में घर के बाहर खेल रहे 13 वर्षीय किशोर की पुराने कुएं में गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम नंगवा डेरा निवासी मोहर सिंह का का बेटा आर्यन शनिवार दोपहर घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज धूप होने के कारण उसके बड़े भाई ने उसे डांटते हुए घर के अंदर चलने को कहा। भाई की डांट सुनकर आर्यन नाराज हो गया और वहां से दौड़ पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दौड़ते समय आर्यन का संतुलन बिगड़ गया और वह घर के बाहर स्थित एक पुराने एवं खुले कुएं में जा गिरा। छोटे भाई को कुएं में गिरता देख बड़ा भाई घबरा गया और बदहवास हालत में घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य और ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। कुएं में गिरने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को कुएं से बाहर निकाला। हालांकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस संबंध में कदौरा थाना प्रभारी निरीक्षक परमेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं दी गई है। न तो किसी ग्रामीण और न ही परिजनों द्वारा मौखिक अथवा लिखित सूचना नहीं दी गई। पुलिस को सूचना न मिलने के कारण मामले में कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की जा सकी।

# करोड़ों की पैतृक जमीन पर कब्जे का विवाद: रिवोली गार्डन प्रकरण में मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**ललित गुप्ता संवाददाता**
**हरदोई।** शहर के बहुचर्चित रिवोली गार्डन प्रकरण ने एक बार फिर नया मोड़ ले लिया है। करोड़ों रुपये मूल्य की पैतृक भूमि को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच चल रहे विवाद में गंभीर आरोप-प्रत्यारोप सामने आए हैं। खुद को पीड़ित बताते हुए सौरभ गुप्ता ने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

सौरभ गुप्ता का आरोप है कि चांद बेहटा स्थित गाटा संख्या-320 की करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि पर रिवोली गार्डन संचालक अतुल गुप्ता एवं उनका परिवार लगभग 50 वर्षों से कब्जा किए हुए है। उनका कहना है कि इसी भूमि पर वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज तथा रिवोली गार्डन का संचालन किया जा रहा है ।दानपत्र को लेकर उठे सवाल:-सौरभ गुप्ता के अनुसार, 24 जून 2025 को उन्होंने अपनी बहन डॉ. वत्सला गुप्ता से उनके हिस्से की भूमि का दानपत्र अपने पक्ष में कराया था। इसके बाद 30 जून 2025 को अतुल गुप्ता की पत्नी रीना गुप्ता ने सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में शिकायत देकर दावा किया कि स्वर्गीय राकेश चंद्र गुप्ता के वारिसों की गाटा संख्या-320 में कोई भूमि नहीं है ।सौरभ का आरोप है कि इसके बावजूद 28 अगस्त 2025 को अतुल गुप्ता ने इसी गाटा संख्या की भूमि में से उनके भाई गौरव गुप्ता तथा माता अर्चना गुप्ता से भूमि का दानपत्र अपने पक्ष में करा लिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भूमि में परिवार का कोई अधिकार नहीं था, तो दानपत्र किस आधार पर कराया गया।

**न्यायालय में विचाराधीन है मामला:** बताया गया है कि सौरभ गुप्ता बनाम रीना गुप्ता शीर्षक से वाद संख्या 191/25 सिविल जज (सीनियर डिवीजन), हरदोई की अदालत में विचाराधीन है। रीना गुप्ता द्वारा सौरभ गुप्ता के दानपत्र के खिलाफ मुकदमा दायर कर स्थगनादेश भी प्राप्त किया गया है।

**दूसरे पक्ष ने आरोपों को बताया निराधार:-** वहीं, रीना गुप्ता और उनके पुत्र ने सौरभ गुप्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को निराधार, तथ्यहीन और भ्रामक बताते हुए खारिज कर दिया है ।फिलहाल करोड़ों रुपये की इस विवादित भूमि को लेकर राजस्व अभिलेखों, दानपत्रों और पुलिस कार्रवाई पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। अब लोगों की निगाहें शासन-प्रशासन पर टिकी हैं कि इस चर्चित प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाएगी या नहीं।

### स्थलीय जांच में छह बीघा भूमि कम मिलने का दावा

सौरभ गुप्ता का कहना है कि राजस्व विभाग द्वारा कराई गई जांच में लगभग 25 बीघा भूमि के सापेक्ष मौके पर केवल 19 बीघा भूमि पाई गई, जबकि करीब छह बीघा भूमि कम मिली। उनका दावा है कि यह भूमि रिवोली गार्डन परिसर के भीतर स्थित है, जहां वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज और गार्डन संचालित हो रहे हैं। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा किया जाना बाकी है। पुलिस कार्रवाई पर भी उठाए सवाल :-शिकायती पत्र में सौरभ गुप्ता ने एंटी फ्रॉड सेल और कुछ पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि उनके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और साक्ष्यों पर विचार किए बिना उनके समेत पांच लोगों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। उन्होंने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोनों पक्षों के दानपत्रों और दस्तावेजों की समान रूप से समीक्षा की जाए।

## एचपीवी वैक्सीन अभियान ने पकड़ी रफ्तार,घर-घर पहुंचकर बालिकाओं को कैंसर से बचाव का दिया जा रहा संदेश

लोकतंत्र की आवाज



- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अजमेर से किया था शुभारंभ-14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क लगाई जा रही एचपीवी वैक्सीन

**शिवराज बारवाल मीना**
**टोंक/उनियारा।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार ब्लॉक उनियारा में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष लोधी एवं ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर (बीएचएस) रामहंस गुर्जर के सुपरविजन में 14 वर्ष पूर्ण कर 15 वर्ष में प्रवेश करने वाली बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत उपखण्ड क्षेत्र उनियारा की आशा सहयोगिनी, एएनएम एवं सीएचओ घर-घर जाकर अभिभावकों और बालिकाओं को वैक्सीन के महत्व की जानकारी देकर प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही बालिकाओं को समय पर वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एचपीवी वैक्सीन अभियान की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 28 फरवरी 2026 को राजस्थान के अजमेर से की गई थी। यह वैक्सीन बच्चेदानी के मुंह के कैंसर से बचाव में बेहद कारगर मानी जाती है। चिकित्सा विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने आसपास की 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करें। यह वैक्सीन सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर, जहां वैक्सीन डिपो उपलब्ध हैं, वहां निःशुल्क लगाई जा रही है। साथ ही इस कार्यक्रम की जिला कलेक्टर टोंक टीना डाबी एवं उपखंड अधिकारी उनियारा पूजा मीणा द्वारा नियमित रूप से प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

## 'शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026' का किया शुभारंभ

### किसान जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएम ने रवाना किया

लोकतंत्र की आवाज



**विनोद प्रसाद**
**पटना ।** बिहार के किसानों को आधुनिक खेती, वैज्ञानिक तौर-तरीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज राजधानी पटना के '1 अणे मार्ग' स्थित मुख्यमंत्री आवास से 'शारदीय (खरीफ) महाभियान-2026' का भव्य शुभारंभ किया।इ

स अवसर पर मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर राज्य के सभी जिलों के लिए LED युक्त किसान जागरूकता वाहनों को रवाना किया, जो गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेंगे ।इस महाभियान के तहत मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से तैयार किए गए 2 कृषि ज्ञान वाहनों सहित सभी जिलों के लिए जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाई। ये वाहन आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीजों की जानकारी और खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन के संदेशों से लैस हैं। राज्य के हर कोने-कोने तक पहुंचकर किसानों को मौसम के अनुकूल खेती, जैविक खाद के उपयोग, और कम लागत में अधिक मुनाफे वाली तकनीकों के प्रति जागरूक करना है। मुख्यमंत्री डिजिटल कृषि योजना, कृषि इनपुट सब्सिडी और उन्नत खरीफ बीजों पर मिलने वाले अनुदान की जानकारी सीधे किसानों तक पहुंचाई जाएगी। खरीफ सीजन की शुरुआत से पहले किसानों को मिट्टी की जांच और सही मात्रा में खाद के इस्तेमाल की ट्रेनिंग दी जाएगी ।इस हाई-प्रोफाइल लॉन्चिंग के दौरान कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, कई कैबिनेट मंत्री और मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस मौके पर कहा कि उनकी सरकार किसानों की आय दोगुनी करने और बिहार के कृषि रोडमैप को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'शारदीय महाभियान-2026' इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# जालौन में डंपर की टक्कर से ट्रक क्लीनर की मौत, एक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हुआ हादसा

लोकतंत्र की आवाज





**जालौन।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह सड़क हादसे में ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार क्लीनर गंभीर रूप से फंस गया।

जानकारी के अनुसार, जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छिरिया सलेमपुर के पास किलोमीटर संख्या-208 पर ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का पिछला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया।

**केबिन में फंस गया क्लीनर, अस्पताल में मौत:** हादसे में ट्रक क्लीनर छोटू उर्फ अरुण कुमार (22) पुत्र जसवंत, निवासी ग्राम भोजला (झांसी) गंभीर रूप से घायल होकर वाहन के केबिन में फंस गया। सूचना मिलने पर पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद डंपर चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

**एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम, राहत कार्य जारी:** दुर्घटना के बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात प्रभावित हो गया। यूपीडा और पुलिस की टीम क्रेन की मदद से वाहनों को हटाकर यातायात सामान्य करने में जुटी हैयुवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घर में रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में शोक की लहर है। पुलिस का कहना है कि फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

# कोंच में दो सड़क हादसों में दो लोग घायल: सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार जारी

लोकतंत्र की आवाज





**उरई।** जालौन के कोंच क्षेत्र में रविवार शाम दो अलग-अलग सड़क हादसों में कुल तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को कोंच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

पहली घटना शाम करीब 5:30 बजे उरई रोड पर स्थित मलंगा पुल के पास हुई। अंडा गांव निवासी सुरेंद्र पुत्र छत्रसाल और गजराज पुत्र मुन्नी मोटरसाइकिल से कोंच छत्रसाल और गजराज पुत्र मुन्नी मोटरसाइकिल से कोंच बाजार से खरीदारी कर अपने गांव लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही एक स्कूटी और मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर सुरेंद्र की मोटरसाइकिल से टकरा गए, जिससे सुरेंद्र और गजराज सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल दोनों घायलों को सीएचसी कोंच पहुंचाया। अस्पताल में डॉ. गौर की देखरेख में उनका उपचार किया जा रहा है।

दूसरी घटना शाम 6 बजे कोंच तहसील के ग्राम कुँवरपुरा के पास हुई। सरावन थाना गोहन निवासी शबाना पत्नी आबिद अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से एट कस्बे में एक गमी कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। रास्ते में अचानक मोटरसाइकिल का टायर पंचर हो गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया और शबाना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद पति आबिद और स्थानीय राहगीरों ने तत्काल एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की मदद से घायल शबाना को सीएचसी कोंच पहुंचाया गया,

घायल शबाना को सीएचसी कोंच पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका उपचार किया जा रहा है।

दोनों घटनाओं के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में घायलों का इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, सभी घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्थानीय पुलिस को भी इन घटनाओं की सूचना दे दी गई है।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।